वर्ष 23, अंक 247, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 1 अक्टूबर 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## तिरुपति लड्डू मामले में उट नायडू को SC की फटकार

# 'भगवान को राजनीति से दूर रखें'



### Yeah, पूर्व चीफ जस्टिस रंजन गोगोई... सुनते ही भड़क गए CJI चंद्रचूड़ और भरी कोर्ट में याचिकाकर्ता की लग गई क्लास

**भारत** के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचडू. सोमवार (30 सितंबर, 2024) को सुनवाई के दौरान इनफोर्मल भाषा का इस्तेमाल करने के लिए एक याचिकाकर्ता की क्लास लगा दी. उन्होंने कहा कि जब हियरिंग के दौरान कोई 'यं' जैसे इनफोर्मल शब्दों का इस्तेमाल करता है, तो ये उन्हें बिलकुल पसंद नहीं. सीजेआई चंद्रचूड़ ने याचिकाकर्ता की क्लास लगाते हुए कहा कि ये कोर्ट है, आप किसी कॉफी शॉप में नहीं बैठे हो जो इस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हो. सीजेआई चंद्रचूड़ एक रिट पिटीशन पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें याचिकाकर्ता ने उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी. याचिकाकर्ता का कहना है कि उन्हें नौकरी से गैरकानूनी तरीके से टर्मिनेशन दिया गया था, जिसके खिलाफ उन्होंने साल 2018 में याचिका दाखिल की थी, जिसे खारिज कर दिया गया. उन्होंने पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई के खिलाफ जांच की भी मांग की है. रंजन गोगोई अभी राज्यसभा सांसद हैं. सीजेआई चंद्रचूड़ जब याचिका पर सुनवाई कर रहे थे तो उन्होंने याचिकाकर्ता से पूछा कि क्या यह मामला आर्टिकल 32 याचिका के लिए उपर्युक्त है. आर्टिकल 32 मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के लिए सुप्रीम कोर्ट में सीधे अपील करने की अनुमति देता है।

**तिरुपति**

**तिरुपति** लड्डू विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार (30 सितंबर) को सुनवाई हुई. इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू को फटकार लगाते हुए कहा कि जुलाई में आई रिपोर्ट पर दो महीने बाद बयान क्यों दिया. सुब्रमण्यम स्वामी की ओर से पेश हुए वकील ने सुप्रीम कोर्ट में दलील देते हुए कहा, "इस तरह के बयानों का लोगों पर व्यापक असर पड़ता है. जब सीएम ने ही ऐसा बयान दिया तो राज्य सरकार से निष्पक्ष जांच की उम्मीद नहीं है."

'TTD से जुड़े रहे हैं सुब्रमण्यम स्वामी'

वकील ने कहा कि घी सप्लाई करने वाला सप्लायर कौन था? क्या इस तरह अचानक जांच की कोई व्यवस्था है? उन्होंने कहा कि मामले की निगरानी कोर्ट की तरफ से करने की जरूरत है. राज्य सरकार की ओर से पेश हुए मुकुल रोहतगी ने कहा कि स्वामी खुद TTD ट्रस्ट से जुड़े रहे हैं? क्या उनकी याचिका को निष्पक्ष कह सकते हैं?

मुकुल रोहतगी ने कहा कि सुब्रमण्यम स्वामी का मकसद साफ है. वह राज्य सरकार पर निशाना साधना चाहते हैं. इस पर जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि स्वामी कह रहे हैं कि सैंपल उस घी का लिया गया, जिसे TTD ट्रस्ट ने इस्तेमाल नहीं किया. इसके साथ ही जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि जब जांच जारी है तो बीच मे ऐसा बयान क्यों दिया. सीएम का पद एक संवैधानिक पद है.

'रिपोर्ट आने के दो महीने बाद क्यों दिया बयान'- सुप्रीम कोर्ट

जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि जुलाई में आई रिपोर्ट पर 2 महीने बाद बयान दिया गया. जब आप निश्चित नहीं थे कि सैंपल किस घी का लिया गया तो बयान क्यों दिया? राज्य सरकार के लिए ही पेश हुए वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि 50 साल से कर्नाटक के कोऑपरेटिव 'नंदिनी' से घी लिया जा रहा था. पिछली सरकार ने इसे बदल दिया.

इस पर जस्टिस गवई ने वकील से पूछा कि बिना तथ्यों की पूरी तरह पुष्टि के बयान देना क्यों जरूरी था? इस पर राज्य सरकार के वकील ने बताया कि जुलाई में कब-कब घी आया, किस सैंपल को जांच के लिए भेजा गया?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भगवान को राजनीति से दूर रखें. सुनवाई के दौरान जस्टिस गवई ने कहा कि आपने 26 सितंबर को SIT बनाई, लेकिन बयान उससे पहले ही दे दिया. जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि आप कह सकते थे कि पिछली सरकार में घी का टेंडर गलत आवंटित हुआ. सीधे प्रसाद पर ही सवाल उठा दिया।

## हरसिमरत कौर बादल ने कहा, केजरीवाल ने मांगा भगवंत मान का इस्तीफा

**अमृतसर।** बठिंडा लोकसभा सीट से अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने कहा, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का इस्तीफा मांगा है। कौर रविवार को एक कार्यक्रम में पहुंची थी। कार्यक्रम के बाद जब मीडिया ने उनसे पूछा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की तबीयत खराब है और वह सरकारी मोहल्ला क्लीनिक की बजाय मैक्स अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। इस सवाल के जवाब में हरसिमरत कौर बादल ने कहा "मैं दिल्ली से आ रही हूं, मुझे भगवंत मान के रोग के बारे में भी पता चला है।

## चुनाव से पहले महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला, गाय को दिया 'राज्यमाता' का दर्जा

**महाराष्ट्रः महाराष्ट्र** विधानसभा चुनाव से पहले एकनाथ शिंदे सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. सरकार ने गाय को राज्यमाता का दर्जा दिया है. महायुती के सरकार ने इसको लेकर घोषणा की है. दरअसल, सोमवार को कैबिनेट बैठक में सरकार ने ये फैसला लिया है. चुनाव से पहले शिंदे सरकार का ये बड़ा निर्णय माना जा रहा है.



सरकार के मुताबिक वैदिक काल से भारतीय संस्कृति में देशी गाय की स्थिति, मानव आहार में देशी गाय के दूध की उपयोगिता, आयुर्वेद चिकित्सा, पंचगव्य उपचार पद्धति तथा जैविक कृषि प्रणालियों में देशी गाय के गोबर एवं गोमूत्र के महत्वपूर्ण स्थान को ध्यान में रखते हुए, यह देशी गायों को अब से "राज्यमाता गोमाता" घोषित करने की मंजूरी दी गई।

## सीएम आतिशी ने अधिकारियों को दिया युद्धस्तर पर दिल्ली की सड़कों की मरम्मत का निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी व दिल्ली सरकार के सभी कैबिनेट मंत्रियों ने अधिकारियों के साथ दिल्ली की सड़कों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया की दिल्ली की सड़कें जर्जर हालत में है। मुख्यमंत्री ने दक्षिण व दक्षिण पूर्वी दिल्ली में सड़कों का निरीक्षण किया और यहां भी सड़के टूटी-फूटी हालत में थीं। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान पाया की कई स्थानों पर पाइपलाइन या बिजली की तार डालने के लिए सड़कें काटी गई लेकिन उन्हें रिपेयर नहीं किया गया है। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे है। इस कारण सड़कों पर ट्रैफिक होता है और लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता है। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इन सभी सड़कों को रिपेयर करने का काम युद्धस्तर पर किया जाए। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा, "दिल्ली में पीडब्ल्यूडी की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने की दिशा में आज सुबह से दिल्ली सरकार की पूरी कैबिनेट ग्राउंड जीरो पर सड़कों का निरीक्षण कर रही है।

## बिहार में बाढ़ से तबाही, 16 जिलें प्रभावित, उफान पर कोसी



**बिहार**

**रविवार** को 24 घंटे में छह बैराज टूटने से स्थिति बिगड़ गई, जिससे कोसी, गंडक और बागमती जैसी प्रमुख नदियां उफान पर आ गईं, जिससे भारत-नेपाल सीमा के पास के जिले गंभीर रूप से प्रभावित हुए। बिहार में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। नेपाल की सीमा से लगे जिलों में कोसी, गंडक और बागमती जैसी प्रमुख नदियाँ उफान पर हैं। राज्य के बाहर से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की छह टीमों को बुलाया गया है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में प्रभावित जिलों में स्कूलों और बिजली ग्रिडों में पानी भर गया है। वर्तमान में, 12 एनडीआरएफ टीमें और 22 राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) टीमें पूरे बिहार में बाढ़ राहत और बचाव कार्यों में सक्रिय रूप से शामिल हैं।

रविवार को 24 घंटे में छह बैराज टूटने से स्थिति बिगड़ गई, जिससे कोसी, गंडक और बागमती जैसी प्रमुख नदियां उफान पर आ गईं, जिससे भारत-नेपाल सीमा के पास के जिले गंभीर रूप से प्रभावित हुए। नेपाल में लगातार हो रही बारिश कम होने के कारण सोमवार को बैराजों से पानी का डिस्चार्ज कम कर दिया गया। बागमती नदी का तटबंध रविवार शाम को सीतामढी जिले में कम से कम चार स्थानों पर टूट गया, जिससे इसके किनारे रहने वाले हजारों लोग प्रभावित हुए। पश्चिम चंपारण और शिवहर जिलों में भी तटबंध टूट गए, पश्चिम चंपारण में गंडक नदी टूटने से बड़ी मात्रा में बाढ़ का पानी वाल्मिकी टाइगर रिजर्व में पहुंच गया। अधिकारियों के अनुसार, कल रात बाढ़ के कारण उफनती कोसी नदी ने किरतपुर प्रखंड के पास अपने तटबंध तोड़ दिये।

## मनोज तिवारी ने किया सवाल, दो महीने में कैसे भरे जाएंगे दिल्ली की सड़कों के गड्ढे

**नई दिल्ली। दिल्ली** की सड़कों में पड़े गड्ढों को रिपेयर कराने के लिए दिल्ली सरकार एक्टिव मोड में आ गई है। लेकिन, भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी से सवाल पूछा है कि जो गड्ढे 9 साल 8 महीने में हुए वह दो महीने में कैसे रिपेयर होंगे।

मनोज तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी सिर्फ जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रही है। लेकिन, आतिशी ने एक अच्छा काम किया है कि वह मुख्यमंत्री बनने के बाद सड़कों पर आईं। इसके लिए उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद। लेकिन, आतिशी ने यह भी साबित कर दिया कि अरविंद केजरीवाल किसी काम के नहीं थे। हालांकि, आतिशी पर भी सवाल उठता है कि जब वह मंत्री थीं तो सड़क पर क्यों नहीं आईं?

मनोज तिवारी ने कहा कि हम कुछ दिन पहले उपराज्यपाल के साथ सड़क पर थे। इन लोगों को शर्म आई कि सांसद सड़कों का हाल दिखा रहा है।

## विकास के नाम अपने परिवार को आगे बढ़ाया

# कांग्रेस ने तुष्टीकरण की हदें पार की- योगी

**हरियाणा**

**योगी** ने अपने संबोधन में आगे कहा कि आपने देखा है कि पिछले 10 वर्षों में हरियाणा में कनेक्टिविटी का विकास हुआ है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अगर कांग्रेस ने लोगों के लिए काम किया होता तो पीएम मोदी को 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन नहीं देना पड़ता।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज हरियाणा के बवानी खेड़ा विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा को संबोधित करने पहुचें थे। इस दौरान योगी ने कहा कि मैं बवानी खेड़ा की जनता का आभारी हूं जिन्होंने यहां कांग्रेस का खाता कभी नहीं खुलने दिया। उन्होंने कहा कि यहां के लोग जानते हैं कि अगर कांग्रेस जीतेगी तो वे देश के साथ गद्दारी करेंगे। उन्होंने (कांग्रेस) अपने राजनीतिक लाभ के लिए देश के विभाजन का समर्थन किया। तुष्टीकरण की हदें पार कर विकास के नाम पर केवल अपने घरों को आगे बढ़ाया। उन्होंन साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस ने देश को विकास नहीं बल्कि आतंकवाद और अराजकता दी।

योगी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि आपने देखा है कि पिछले 10 वर्षों में हरियाणा में कनेक्टिविटी का विकास हुआ है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अगर कांग्रेस ने लोगों के लिए काम किया होता तो पीएम मोदी को 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन नहीं देना पड़ता। उन्होंने कहा कि एक तरफ भारत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रहा है ।

## रोहित शर्मा ने Sixes लगाने के मामले में बनाया रिकॉर्ड, दुनिया के पहले ऐसे ओपनर...

**कानपुर**

**रोहित** शर्मा ने भले ही टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायमेंट ले लिया है, लेकिन फैंस ने उनको इसका आभास होने नहीं दिया। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में टी20 क्रिकेट जैसी पारी खेली और एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। बता दें कि, रोहित शर्मा दुनिया के पहले ऐसे ओपनर बन गए हैं, जिन्होंने अपनी पारी की पहली दो गेंदों में दो छक्के जड़े।

कानपुर टेस्ट में भारत की शुरूआत बेहद शानदार रही है। वहीं रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट मैच में टी20 का तड़का लगाकर सबको हैरान कर दिया। बता दें कि, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भले ही टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायमेंट ले लिया है, लेकिन फैंस ने उनको इसका आभास होने नहीं दिया।



## राहुल गांधी ने खत्म कर दी हरियाणा कांग्रेस में गुटबाजी!

# भूपेंद्र हुड्डा और कुमारी सैलजा का हाथ पकड़कर मिलवाया

**हरियाणाः कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने सोमवार को अंबाला में रैली को संबोधित किया. हरियाणा कांग्रेस में गुटबाजी की अटकलों के बीच उन्होंने एक बड़ा संदेश देने की कोशिश की. वह मंच पर आगे आए और उन्होंने रैली में भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी सैलजा का हाथ खुद पकड़कर मिलवाया. एक तरह से उन्होंने गुटबाजी की अटकलों को विराम देने की कोशिश की.

इसका वीडियो भी सामने आया है. इस दौरान जब सभी नेता हाथ मिलाकर एकजुटता प्रदर्शित कर रहे थे, तभी राहुल गांधी ने कुमारी सैलजा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा का हाथ मिलाया. मंच पर प्रियंका गांधी नजर आ रही थीं.



सैलजा की नाराजगी दूर करने की कोशिश

बता दें कि कुमारी सैलजा की नाराजगी की चचाएं थीं. वह अनदेखी से नाराज चल रही थीं. उनके करीबियों को टिकट ना मिलने और हुड्डा कैंप का दबदबा रहने से भी वह निराशा थीं और कुछ दिनों के लिए चुनाव प्रचार से भी दूर हो गई थीं. हरियाणा में 20-22 प्रतिशत दलित वोटर हैं और उनपर सैलजा का भी प्रभाव है. कुमारी सैलजा विधानसभा का भी चुनाव लड़ना चाहती थीं, लेकिन उन्हें भी टिकट नहीं दिया गया.

वहीं, चुनाव में जब पांच दिन ही शेष रह गया है तो माना जा रहा है कि कांग्रेस कोई रिस्क नहीं लेना चाहती, इसलिए राहुल गांधी ने मंच से एकजुटता का संदेश दिया है.

बीजेपी बार-बार कुमारी सैलजा के मुद्दे को उठा रही है और कांग्रेस में गुटबाजी के आरोप लगा रही है. कांग्रेस भी यह मानती है कि अगर दोनों नेताओं को साथ नहीं लाया गया तो इसका फायदा बीजेपी को चुनाव में हो सकता है।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का ऐलान, विरोध करने वाले सीधे हो जाएंगे

# शीतकालीन सत्र में पारित होगा वक्फ बिल

**हरियाणा**

**गृह** मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड का कानून बहुत सारी समस्याएं पैदा कर रहा है ना? इस शीतकालीन सत्र में हम सुधार कर इसे दुरुस्त कर देंगे। वक्फ बिल पर बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि देश के मुसलमान इस बिल का स्वागत करेंगे।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस साल के अंत में शीतकालीन सत्र के दौरान वक्फ संशोधन विधेयक पारित करने की कसम खाई। हरियाणा में एक चुनावी सभा के दौरान शाह ने कहा कि कानून बनने के बाद इसका विरोध करने वाले लोग सीधे हो जाएंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आपको वक्फ बोर्ड पर मौजूदा कानून से समस्या है। हम संसद के शीतकालीन सत्र में इसमें संशोधन करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले महीने कई विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया था कि केंद्र के वक्फ विधेयक का उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना है। गृह मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड का कानून बहुत सारी समस्याएं पैदा कर रहा है ना? इस शीतकालीन सत्र में हम सुधार कर इसे दुरुस्त कर देंगे। वक्फ बिल पर बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि देश के मुसलमान इस बिल का स्वागत करेंगे। मुसलमानों की लंबे समय से मांग थी कि वक्फ कानून में संशोधन किया जाए क्योंकि वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्य मौजूदा बिल का इस्तेमाल कर लूट कर रहे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस ने इसका इस्तेमाल वोट बैंक की राजनीति के लिए किया। जमाल सिद्दीकी ने कहा कि अब उम्मीद है कि सभी को फायदा होगा। आप ओवेसी और मदनी साहब का दर्द और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों का दर्द देख सकते हैं जिन्होंने वक्फ संपत्तियों को लूटा है। वे चाहते हैं कि यह बिल न आए ताकि उन्हें ये संपत्तियां न गंवानी पड़े। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि उन्होंने पाकिस्तान में बैठे अपने लोगों से इस बिल को लेकर (भारत सरकार को) ईमेल करवाया है।' जिस तरह से वे हमारे आंतरिक मामलों को देश के बाहर ले जाकर देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

## विपक्षी दल हमारी योजनाओं की नकल कर रहे हैं : शिवराज सिंह चौहान

**भोपाल। मध्य** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही मैया सम्मान जैसी योजना को अपनी सरकार की नकल बताया। इसके अलावा उन्होंने किसानों और कम आय वर्ग वाली जनता के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धताओं को दोहराया।



उन्होंने झारखंड सरकार द्वारा शुरू की गई मैया सम्मान योजना पर तंज कसते हुए कहा, ह्वविपक्षी दल हमारी नकल कर रहे हैं। हमारी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को अपने यहां नाम बदलकर लागू कर रहे हैं, लेकिन हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है, बल्कि मुझे खुशी है कि वह ऐसा करके कहीं न कहीं महिलाओं का ही सशक्तिकरण ही कर रहे हैं।

इस बीच, उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव से हुई मुलाकात को लेकर भी अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा, हमने उनके साथ मिलकर प्रदेश के विकास और किसानों की बेहतरी पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

## खेल छात्रावास म्योहाल बना चैंपियन, सांसद उज्जवल रमण ने विजेता टीम को किया पुरस्कृत

अखंड भारत संदेश



**करछना।** जिला वालीबॉल संघ प्रयागराज के तत्वाधान में देव एके-डमी और आल्ट्राटेक सीमेंट के सौजन्य से देव स्पोर्ट्स पब्लिक स्कूल, बसवार, चाका, नैनी में आयोजित मानसून वॉलीवॉल टूनार्मेंट के फाईनल मैच में खेल छात्रावास म्योहाल ने देव स्पोर्ट्स अकादमी बसवार,नैनी को एक संघर्ष पूर्ण मुकाबले में हराकर विजेता ट्राफी पर अपना कब्जा जमा लिया। इससे पूर्व दो दिनों तक चले इस टूनार्मेंट में कुल 12 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मैच से पूर्व पी आर सी प्रयागराज और म्योहाल के मध्य तथा देव स्पोर्ट्स अकादमी नैनी और पुलिस लाईन प्रयागराज के मध्य सेमी फाइनल मुकाबला खेला गया था। मुख्य अतिथि सांसद प्रयागराज कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह ने विजेता तथा उप विजेता टीम को कप प्रदान कर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हार जीत खेल का एक अंग है।हारने वाली टीम को पुनः अपने गलतियों का सुधार कर आगे जितने का प्रयास करना चाहिए,तथा जीतने वाली टीम को अहंकार न कर अपने प्रदर्शन को निरंतर अच्छा बनाए रखने की कोशिश करनी चाहिए । इसी क्रम में उन्होंने वहां उपस्थित भारी जन समूह को संबोधित करते हुए आश्वाशन दिया कि खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स कोटा में नौकरी के लिए सड़क से लेकर संसद तक वो आवाज उठाते रहेंगे।कार्यक्रम के समापन में चंद्रभान राय ने मुख्य अतिथि सांसद का अभिवादन किया। साथ ही उन्होंने अल्ट्राटेक सीमेंट के प्रमुख जलज श्रीवास्तव (अति विशिष्ट अतिथि )एवम विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता माननीय उच्च न्यायालय के के राव व सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा का भी आभार प्रकट किया। कुशल नेतृत्व के लिए जिला वालीबाल संघ के सभी पदाधिकारियों का भी आभार प्रकट किया।इस अवसर पर श्री प्रभात राय,अध्यक्ष जिला वॉलीबाल संघ ,वरिष्ठ खिलाड़ी एवम देव अकादमी के कोच श्री संजय राय जी, फूल चंद्र गुप्ता, श्री अल्ताफ अली, धीरेंद्र यादव, आनंद शर्मा, प्रमोद कुमार राय, पंकज शुक्ल ,विद्या शंकर उपाध्याय, निरंजन कुमार राय, अजय कुमार राय, शतेन्द्र पांडे,धनंजय राय,अक्रांत गुप्ता,भास्कर जी, मनोज राय, कृपा शंकर उपाध्याय, दिलावर सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय खिलाड़ी रामाश्रय राय ने किया।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख को गोली मारने के मामले में तीन नामजद एक अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**पूर्व ब्लाक प्रमुख राधेश्याम पटेल को रविवार को दोपहर में नकाबपोश दो बदमाशो ने गोली मार दी थी**

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र की दुघरा गांव निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख राधेश्याम पटेल को रविवार दोपहर 1:00 बजे के करीब नकाबपोश दो बदमाशों ने गोली मार दी थी। इसके मामले में घायल पूर्व ब्लाक प्रमुख के बेटे बलवंत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने महरूपुर थाना उतरांव निवासी सचिन पुत्र सतनारायण व सलेमपुर अतरौरा निवासी बच्चा पटेल पुत्र राम कैलाश,व बसंत लाल पटेल पुत्र स्वर्गीय रामखेलावन निवासी अतरौरा थाना उतरांव व एक अज्ञात पर पुलिस ने जानलेवा हमले समेत अन्य संगीत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुटी हुई है। मुकदमा वादी बलवंत पटेल द्वारा राजेन्द्र उर्फ बच्चा पटेल व बसंत लाल पटेल पर भूमिका की संभावना जताई है।फिलहाल थाना अध्यक्ष उतरांव पंकज त्रिपाठी लगातार आरोपियों की तलाश में जुटे हुए हैं। उनका कहना है कि निर्दोष को जेल नहीं भेजा जाएगा जांच कर दोषी पाए जाने पर दोषी सलाखों के पीछे होगा। फिर हाल पुलिस हर पहलूओ पर जांच पड़ताल कर रही है। पूर्व ब्लाक प्रमुख का इलाज प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में चल रहा है जहां हालत नाजुक बताई जा रही है।

## आभूषण की दुकान में तमंचा लगाकर बदमाशों ने लाखों की लूट

**मऊआइमा।** दिनदहाड़े बदमाशों ने तमंचा लगाकर कर सरार्फा व्यवसाई से लाखों का जेवरात लूट कर प्रतापगढ़ की ओर भाग गए। पुलिस बदमाशों की तलाश में लगी हुई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दादूपुर निवासी जगदीश प्रसाद सोनी चौराहे पर अभूषण की दुकान किए हुए हैं। बताया गया है कि सोमवार को दोपहर बाद बाइक सवार दो युवक आए बताया गया है कि उस समय जगदीश प्रसाद का पुत्र राहुल सोनी दुकान पर बैठा था। बताया गया है कि एक बाइक से दो बदमाश जेवरात खरीदने आए। बताया गया है कि जेवरात देखते देखते बदमाशों ने तमंचा लगाकर बन्दूक में रखा लगभग ढाई लाख का जेवरात लूट कर प्रतापगढ़ के ग्राम शेखूपुर की ओर भाग गए। हालांकि ग्रामीणों ने बदमाशों का बहुत दूर तक पीछा किया। परन्तु बदमाश गिरफ्त से दूर हो गए। सूचना पर पहुंची मऊआइमा पुलिस ने भुक्तभोगी को लेकर बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है। तथा क्षेत्र में लगे सीसी कैमरे से बदमाशों की शिनाख्त के लिए पुलिस लगी हुई है। इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि बदमाशों की तलाश में वह लगे हैं अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा भी दर्ज कर लिया जाएगा।

## समरसेबल खोल ले गए चोर

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के भरहरी गांव में अंदर बोर में लगे समरसेबल को अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया। भुक्तभोगी ने स्थानीय थाने में आज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर करवाई की मांग की है।भरहरी थाना उतराव निवासी मोहम्मद अफसार जो अंडा व्यापारी है। वह गांव में ही एक नया घर बनवाकर सिंचाई के लिए समरसेबल लगाया था। बीते रात में अज्ञात चोरों द्वारा बोर के अंदर लगे सबमर्सिबल को खोल ले गए। सुबह जब जाकर देखा तो उसके होश उड़ गए। भुक्तभोगी ने आज्ञात चोरों के खिलाफ स्थानीय थाने में लिखित रूप से तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रंजिशन मार पीट के मामले में दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराया मुकदमा

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर गत दिनों हुई मार पीट के दौरान ग्राम बाराडीह सिकंदरपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जबकि दूसरे पक्ष के मुनिराज पुत्र कल्लू राम का आरोप है कि वह अपना गौशाला बना रहा था तभी उनके विपक्षी लाठी डंडा आदि लेकर हमला बोल कर जख्मी कर दिए और जान से मारने की धमकी भी दिए। मुनिराज ने धर्मेन्द्र कुमार, जितेन्द्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, राजेन्द्र कुमार,तथा सन्त लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## अस्पताल के सामने खडी बाइक दिन दहाड़े चोरी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** अस्पाल के सामने बाइक खडी करके मरीज देखने गए युवक की बाइक चोरी अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रतापगढ़ के थाना देल्हूपुर के ग्राम चंदीपुर सराय राज निवासी शिवकुमार पुत्र ननकू अपनी बाइक मऊआइमा थाना पड़ाव फोरलेन पर स्थित एक निजि अस्पताल के सामने खडी करके मरीज देखने गया था। बताया गया है कि जैसे वह वापस लौटा बाइक नदारद थी। शिवकुमार ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## विहिप अध्यक्ष ने शोक सभा आयोजित कर नीलम करवरिया को अर्पित किया श्रद्धांजलि



**मेजा।** विश्व हिंदू परिषद के यमुनापार अध्यक्ष पंडित नित्यानंद उपाध्याय के नेतृत्व में सोमवार को मेजारोड के पांती गांव स्थित मानस वाटिका में शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें पूर्व विधायक नीलम करवरिया को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने सर्व प्रथम श्रीमती करवरिया की प्रतिमा के समक्ष दो मिनट का मौन रखकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात बिहिप यमुनापार जिलाध्यक्ष ई पंडित नित्यानंद उपाध्याय ने कहा कि मेजा की पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया जी बहुत ही सरल एवं सहज स्वभाव की थीं। उनकी लोकप्रियता मेजा के अलावा पूरे प्रयागराज में रही है। लोगों के बीच में अपना समय देना गरीबों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सदैव खड़ी रहना उनके संस्कार में था। आज वो हमारे बीच नहीं हैं,उनके असमय निधन से हम सभी काफी आहत हैं। श्रीमती करवरिया की कमी क्षेत्र के लोगों को हमेशा खलेगी। ईश्वर उन्हें अपने स्वर्गलोक में स्थान दें और परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस मौके पर भाजपा नेता जयशंकर पाण्डेय, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुन्नन शुक्ला, सिद्धांत तिवारी, पप्पू उपाध्याय, राहुल मिश्रा, नाथू गुप्ता, अनिल शुक्ला, ओपी पाण्डेय, अनीश मिश्रा सोनू, दीपक तिवारी, रमाशंकर निषाद, गुरु शुक्ला, शमी शुक्ला, मंटू मिश्रा, आशीष उपाध्याय, मनीष उपाध्याय, विनय शुक्ला, विश्व हिन्दू परिषद के सह प्रचार प्रमुख यमुनापार श्रीकान्त यादव, सुभाष पयासी, अनिल पाण्डेय कोहड़ार, आशुतोष प्रजापति तथा सबल तिवारी आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुंख रूप से मौजूद रहे।

## आधार नामांकन केंद्र दिलवाने की आड़ में हुई लाखों की ठगी, नहीं है योगी सरकार का भय

### पैसा वापस मांगे जाने पर लोगों को जान से मारने की दी जा रही धमकी

अखंड भारत संदेश



कथित कुछ ठगों के चित्र

**कोरांव।** इस समय आधार केंद्र दिलवाने के नाम पर ठगों का भी रैकेट काफी सक्रिय है। सूत्रों के हवाले से सूचना मिल रही है कि मिजार्पुर, प्रयागराज, भदोही, जिले के लोगों से आधार नामांकन केंद्र संचालन के लिए प्राइवेट दुकानों में आधार सेंटर दिलवाने हेतु *दीपक यादव पुत्र रमेश चंद्र यादव, व नीलम यादव पत्नी दीपक यादव, निवासी- मेजा खास, थाना- मेजा तहसील- मेजा, जिला- प्रयागराज, उत्तर प्रदेश सहित एवम इकबाल अली पुत्र मुनव्वर अली ग्राम उरूवा, मेजा खास, थाना- मेंजा, जिला- प्रयागराज,* द्वारा भिन्न-भिन्न दिनाँक में बैंक द्वारा लोगो से कई बार पैसा धोखेबाजी करके लिया गया है। फिलहाल जिसका कुल आंकड़ा तकरीबन बीस लाख से अधिक का हो सकता है। उपरोक्त धनराशि एवं आधार में प्रयुक्त होने वाला सामान भी लोगों से लिया गया किंतु कार्य पूर्ण न होने पर जब सभी ने अपना दिया गया पैसा वापस मांगा तो दीपक यादव द्वारा कहा गया कि हम किसी का पैसा नहीं देंगे, जिसको जो करना है कर ले। ऐसे दबंग माफियाओं के ऊपर प्रशासनिक कार्यवाही की आवश्यकता है। पता चला है कि दीपक यादव का घर अवैध एवं दबंगई के बल पर एक नाले में बना है। तीनों जिलों में धोखाधड़ी करके वसूला गया सारा पैसा दीपक यादव हड़प कर जाना चाहता है। इन लोगो ने आज तक ना तो लोगो का पैसा वापस किया है और ना ही इनके द्वारा जिस कार्य के लिए पैसा लिया गया उस कार्य को ही करवाया गया है। इतना ही नहीं उपरोक्त तीन व्यक्तियों के अलावा भी इनके पास कई लोगों का समूह भी है। जो लोग मिलकर ऐसे ही ठगी जैसे कार्य को अंजाम देते हैं। ज्ञातव्य हो कि दीपक यादव ने अपनी पत्नी नीलम यादव के नाम से एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी फरवरी 2024 में बनाई है। अब देखना यह होगा कि इन धोखेबाजों की कंपनी को प्रशासन कब ब्लैकलिस्ट करते हुए इन सभी लोगो के ऊपर कार्यवाही होगी, एवं इनके द्वारा ठगी किए गए पैसे लोगो को कब वापस होंगे।



## उग्रसेनपुर-जनुवाडीह खुर्द मार्ग क्षतिग्रस्त आवागमन बाधित

**प्रतापपुर।** मरम्मत के अभाव में उग्रसेनपुर से जनुवाडीह खुर्द जाने वाली सड़क पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो गई है, प्रतापपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमला प्रसाद पांडेय ने क्षेत्रीय सांसद डॉ विनोद बिंद से सड़क की मरम्मत कराये जाने की मांग किया गया था लेकिन अभी तक सड़क की मरम्मत नहीं हुई है लोगों को आने जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है। डॉ घनश्याम गौतम पूर्व प्रधान रायपुर ने बताया कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने से साइकिल से विद्यालय जाने वाले नौनिहाल गिरकर चोटहिल हो जाते हैं अभिभावकों एवं ग्रामीणों भारी आक्रोश व्याप्त है। रामधन यादव निवासी उदगी ने कहा कि सड़क पर गड्ढा होने से पानी भर गया है और राहगीरों को कीचड़ व पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है कभी-कभी चार पहिया वाहन निकालने पर लोगों के ऊपर गंदा पानी पड़ जाने से कपड़े खराब हो जाते हैं।सड़क खराब होने के चलते क्षेत्रीय लोगों को जरूरत के लिए उग्रसेनपुर बाजार एवं स्टेशन तथा आवश्यक कार्य से जाने में दिक्कत झेलनी पड़ रही है लोगों द्वारा शिकायत किये जाने पर भी सड़क न बनने से लोगों में गहरी नाराजगी है।

## ताड़का वध होते ही जय श्रीराम से गूंजा श्रीराम जानकी मंदिर



**जंघई।** श्रीराम जानकी मंदिर कुटी जंघई प्रांगण में आयोजित रामलीला में रविवार रात्रि में कलाकारों ने ताड़का वध का मंचन किया। ऋषियों के यज्ञ की रक्षा के लिए विश्वामित्र अयोध्या के राजा दशरथ से श्रीराम और लक्ष्मण को मांगते हैं उन्हें लेकर वन की ओर प्रस्थान करते हैं अगस्त ऋषि के शाप से ताड़का इस वन में रहती है और आने-जाने लोगों की हत्या कर देती है। ताड़का के पुत्र सुबाहु और मारीच उसके कार्यों को बढ़ावा देते रहते हैं। इस दौरान श्रीराम-लक्ष्मण विश्वामित्र को यज्ञ का शुभारंभ करने को कहते हैं इसकी सूचना ताड़का को मिलती है और वह विघ्न डालने का प्रयास करती है तभी भगवान श्रीराम उसका वध कर देते हैं ताड़का वध होते ही उपस्थित दर्शक भगवान श्रीराम की जय-जयकार करने लगते हैं। मिथिला नरेश राजा जनक से सीता के स्वयंवर का निमंत्रण प्राप्त होने पर ऋषि विश्वामित्र, श्रीराम और लक्ष्मण को लेकर मिथिला नगरी के लिए रवाना होते हैं रास्ते में गौतम ऋषि के आश्रम में पहुंचते है। पति गौतम के श्राप से पत्थर की शिला बनी अहिल्या का भगवान श्रीराम उद्धार करते हैं। रामलीला मंचन में राम जी की भूमिका में आदित्य, लक्ष्मण- शैलेश, वशिष्ठ- अजय पांडेय, विश्वामित्र- लोलारख यादव, दशरथ-हुबनारायण तिवारी, सुमंत- चंद्रशेखर तिवारी, कौशल्या- दरोगा दुबे, कैकेयी- पुत्री यादव, सुमित्रा- अंबुज ऊमरवैश्य, ताणुका- पुल्थी यादव, मरीच- शैलेश पाठक, सुबाहु- आतिष पाठक, मंत्री- शीतला पाठक, फोरमैन- गग्गू यादव, अहिल्या- विजय यादव, सखा की भूमिका सभाजीत पाडेय ने निभाया। इस अवसर पर महंत चंद्रमा दास महाराज, राजू सिंह, संदीप पांडेय, अखिलेश मिश्र, लालजी मिश्र, लल्लन मिश्र व्यास, किशन पाठक, धीरज, प्रशांत आदि कार्यकर्ता एवं तमाम माताएं, बहनें एवं दर्शक उपस्थित रहे।

## दुर्गा पूजा और विजयदशमी को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** दुर्गा पूजा और विजय दशमी को लेकर मऊआइमा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक सोमवार को हुई। जिसमें सभी आयोजकों को पर्व को सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील की गयी।तथा कोई बात होने पर पुलिस को सूचना दें। कानून को अपने हाथों में न लें।पीस कमेटी की बैठक कहा गया कि कोई कार्यक्रम के पूर्व इसकी सूचना पुलिस को दें। त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग करें।इस अवसर पर एस आई उमाशंकर सिंह सहित थाने का स्टाप तथा बैठक में मुदीत खत्री,दिवेंदू त्रिपाठी एडवोकेट, सचिन साहू, संजय साहू,सनि खत्री, मनोज कुमार केसरवानी, आदि मौजूद थे।



## आगामी त्यौहार को लेकर लालपुर प्रशासन अलर्टः एसीपी बारा नें की बैठक

**लालापुर।** क्षेत्र के आगामी त्योहार को लेकर लालापुर प्रशासन अलार्ट हो गया है त्योहारों पर लालपुर क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें लालापुर थाना क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे लालापुर थाने में बैठक हुई। बैठक में एसीपी बारा संत लाल सरोज लालापुर थाना अध्यक्ष अजय मिश्रा सहित हल्के के सभी दरोगा संभ्रांत व्यक्ति नवदुर्गा पूजा समिति के सभी अध्यक्ष मौजूद रहे गोष्ठी में परम्परागत जुलुस रूट,अतिक्रमण,लटक रहे तारों भीड़ भाड़ जगहों पर सतर्कता व निगरानी आदि को लेकर एसीपी बारा संत लाल सरोज नें निर्देश दिए

# न्यूज झरोखा

## करंट लगने से बिजली मिस्त्री की दर्दनाक मौत



**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत चकिया, नेदुला गांव निवासी बिजली मिस्त्री आशीष पाठक बबलू पुत्र छैल बिहारी पाठक उम्र लगभग 38 वर्ष सोमवार शाम को जलालपुर मुतफर्का गांव में ताराचंद यादव के यहां बिजली बनाने गये थे बिजली बनाते समय करंट की चपेट में आ गये और तत्काल मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस चौकी जंघई को सूचना दिया तो मौके पर चौकी इंचार्ज जंघई संजय कुमार मौर्य हेड कांस्टेबल वीरेंद्र यादव एवं हेड कांस्टेबल झारखंडे यादव, कांस्टेबल मनोज यादव मौके पर पहुंचे और कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज भेज दिया। अविवाहित मृतक बबलू पाठक बिजली मिस्त्री का कार्य करते थे इनके पिता मुंबई रहते हैं इस आकस्मिक घटना से परिजन एवं ग्रामीण हतप्रभ एवं दुखी हैं।

## घर से निकला किशोर लापता गुमशुदगी दर्ज



**करछना।** प्रयागराज थाना क्षेत्र महोरी रीवा का निवासी आदर्श दुबे 16 वर्ष किशोर पुत्र राजेश दुबे 28 सितंबर को शाम को अपने घर से बाहर घूमने निकला था वह देर रात तक अपने घर नहीं लौटा तो परिजन परेशान होने लगे रात भर संभावित स्थानों पर तलाश करने के बावजूद कोई पता या सुराग न लगने पर 29 सितंबर को परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए करछना थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई दो दिन बीत जाने के बाद भी उसका कही पता नहीं लग सका जिससे परिजन अनहोनी की आशंका से भयभीत हैं वहीं पुलिस अपने संभावित तरीके से किशोर के साथियों एवं लोगों से पता लगाने में प्रयास रत है

## वि.खं. सहसों परिसर में स्वच्छता अभियान एवं हुआ पौधारोपण



**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के परिसर में स्वच्छता अभियान एवं पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने के लिए परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक पंचायती राज इलाहाबाद मंडल एवं ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह के द्वारा विकास खण्ड परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत बृक्षारोपण कर ब्लॉक सभागार में लोगों को स्वच्छता एवं स्वच्छ पर्यावरण के लिए रोपित किए गए पौधों के संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। इस मौके पर एडीओ पंचायत दिनेश कुमार चौरसिया, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , के बी सिंह, राम बहादुर, अश्विनी अविनाश सिंह, दीझा त्रिपाठी, आसमा सिंह, सरिता पाल, सचिन तिवारी, उदयभान सिंह, अनूप सिंह, सुरेंद्र कुमार, वरिष्ठ लिपिक विजय बहादुर, मोहम्मद कामरान, अंजनी कुमार एवं जितेंद्र कुमार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रधान मनोज ग्रा. पं. अकोढ़ा द्वारा कॉलेज में स्वच्छता की शपथ दिलाई गई



**करछना।** स्वच्छता ही सेवा है अभियान अंतर्गत श्रीमती इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज पटेल नगर अकोढ़ा कौंधियारा में सोमवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। यूथ फॉर माय भारत थीम के विद्यार्थियों को स्वच्छता के लिए प्रेरित गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौंधियारा द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का भी आयोजन किया गया। इस दौरान डॉक्टरों ने विद्यार्थियों को उचित आहार एवं स्वस्थ दिनचर्या के महत्व के बारे में जानकारी दी और उनका निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।स्वच्छता को लेकर प्रधानाचार्य व छात्र छात्राओं ने शपथ ली। इस अवसर ग्राम प्रधान अकोढा मनोज कुशवाहा , समाजसेवी समर बहादुर सिंह डॉक्टर बी एन पाल,डॉ सुनील सिंह, डॉ विनोद यादव,आशीष शुक्ल, अमरेंद्र कुशवाहा, नागेश बिन्द सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## जंघई में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया



**जंघई।** वाहन चेकिंग अभियान के तहत सारायमामरेज थानांतर्गत पुलिस चौकी जंघई इंचार्ज संजय कुमार मौर्य के नेतृत्व में सोमवार को जंघई बाईपास पर पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चौकी इंचार्ज जंघई संजय कुमार मौर्य ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के तहत वाहन चालकों की सघन जांच की गयी वहीं त्रुटि पूर्ण कागजात व बगैर हेलमेट वाले वाहन चालकों से जुमार्ने की राशि वसूल की गयी। वाहन चेकिंग अभियान में हेड कांस्टेबल वीरेंद्र यादव, कांस्टेबल मनोज यादव एवं विजय यादव सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे। वाहन चेकिंग अभियान के तहत पुलिस, वाहनों की जांच करके यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करती है इस अभियान के दौरान पुलिस वाहन चालकों के लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, और प्रदूषण से जुड़े कागजातों की जांच करती है। साथ ही यह भी देखा जाता है कि वाहन चालक हेलमेट पहन रहे हैं या नहीं अगर कोई वाहन चालक यात्रियों को बिना हेलमेट के बैठा लेता है, तो उस पर भी कार्रवाई की जाती है वाहन चेकिंग अभियान के जरिए यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं को भी कम किया जा सकता है।

## तनाव से दूर रहकर हृदय को रखें स्वस्थ : डा. अमित



**सहसों।** सहसों बाईपास पर हरि ओम हॉस्पिटल एवं चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में विश्व हृदय दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में आए हुए लोगों का मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय आदि का अनुभवी चिकित्सकों द्वारा जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर अमित यादव लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि इस आधुनिक युग में जीवन शैली, प्रतिदिन की दिनचर्या, खानपान, तनाव भरे जीवन में शारीरिक श्रम न करना ऐसे में हृदय रोग का खतरा बहुत तेजी से युवा, बुजुर्ग, बच्चों में तेजी से फैल रहा है। उन्होंने लोगों से सुझाव एवं बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि प्रतिदिन के नियमित खान-पान में संतुलित आहार, ताजा भोजन, हरी सब्जी एवं स्वच्छ जल का प्रयोग करें, 10 मिनट का हर रोज व्यायाम, सुबह पैदल टहलना स्वास्थ्य के प्रति तनाव से मुक्त रखते हुए उच्च रक्त रक्तचाप को सामान्य रखना, मधुमेह एवं हृदय गति को स्थिर रखने में सहायक एवं शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल को भी नियमित रखता है। डॉ अमित यादव ने कहा ऐसे रोग ग्रसित लोगों को समय समय पर जांच एवं अनुभवी चिकित्सकों से सलाह लेते हुए औषधि का प्रयोग करना चाहिए। इस मौके पर डॉक्टर आलोक पांडे, डॉक्टर दिलीप तिवारी, राजेश यादव, जय सिंह, नीरज पांडे, कविता यादव, शिवम धुरिया एवं राम प्रसाद सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# महाकुंभ के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का मण्डलायुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों में से कई कार्यों का औचक निरीक्षण सोमवार को मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत द्वारा किया गया। उन्होंने सर्वप्रथम परेड ग्राउंड पर बनाए गए पीडब्ल्यूडी स्टोर का निरीक्षण करते हुए, महाकुंभ के दृष्टिगत पांटून पुल बनाने हेतु विभाग के पास आवश्यकता के सापेक्ष स्टॉक, जिसमें बोल्ट, रोप्स, जॉइंट, पोंटून, चेकर्ड प्लेट्स इत्यादि सम्मिलित हैं, की उपलब्धता के बारे में आवश्यक जानकारी ली। साथ ही स्टोर कीपर द्वारा बनाए गए स्टॉक रजिस्टर में की जा रही एंट्रीज का भी अवलोकन किया।एंट्रीज में कई जगह त्रुटि पाए जाने पर, एंट्रीस के सापेक्ष रजिस्टर में किसी का साइन न होने पर तथा



महाकुंभ के दृष्टिगत मंगाए जा रहे स्टॉक की एंट्रीज भी संबंधित रजिस्टर पर न पाए जाने पर उन्होंने मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी को सभी पुरानी एंट्रीज को सुव्यवस्थित कराते हुए नई एंट्रीज डेली बेसिस पर अपडेट कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एंट्रीज का सत्यापन सीनियर विभागीय अधिकारियों से निरंतर कराने तथा स्टोर का निरीक्षण डेली बेसिस पर जेई/एई से कराने, वीकली बेसिस पर एस ई से कराने एवं माह में एक बार उनके द्वारा स्वयं करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने हनुमान मंदिर कॉरिडोर के कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा मौके पर विकास प्राधिकरण के उपस्थित



अधिकारी एवं ठेकेदार से कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता संबंधित जानकारी ली। कॉरिडोर स्ट्रक्चर को खड़ा करने हेतु पाइलिंग के कार्य की प्रगति धीमी पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मैन पावर बढ़ाते हुए उसे और तेजी से करने के निर्देश दिए। पूछे जाने पर कि कार्यों की प्रगति अपेक्षा के अनुसार क्यों नहीं है, संबंधित अधिकारियों ने अवगत कराया कि कई स्थानों पर कीचड़ होने के कारण दिक्कत आ रही है।अक्षयवट कॉरिडोर का भी औचक निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण के दौरान वहां पर भी कार्यों की प्रगति धीमी पाई गई। लेबरों की संख्या के साथ-साथ पत्थर की नक्काशी हेतु स्पेशलाइज्ड लेबर की संख्या भी कम पाई गई। इस पर उन्होंने सम्बंधित ठेकेदार एवं रक्षा विभाग के इंजीनियर को कार्यों को हर हाल में 31 अक्टूबर तक पूर्ण कराने हेतु डेली प्रगति समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्हें यह भी आश्वासन दिया यदि उन्हें किसी भी स्तर पर प्रशासनिक सहायता की आवश्यकता पड़ती है तो वो निसंकोच कह सकते हैं, उन्हें यथासंभव हर तरह का सहयोग मिलेगा। महाकुंभ मेले की सन्निकटता को देखते हुए मंडलायुक्त ने सभी विभाग के अभियंताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों का अगले 3 माह के लिए व्यक्तिगत कार्यों से शहर के बाहर जाना निषिद्ध कर दिया है। यदि अपरिहार्य व्यक्तिगत कार्यों से शहर के बाहर जाना हो तो अनिवार्य रूप से मेला अधिकारी की अनुमति लेनी होगी।

# डॉक्टर की मौत में असिस्टेंट प्रोफेसर समेत तीन पर हत्या का केस, आरोपियों में गर्लफ्रेंड भी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर कार्तिकेय श्रीवास्तव की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। उनकी बहन ने हत्या का शक जताते हुए संस्थान के ही एक असिस्टेंट प्रोफेसर व दो जूनियर डॉक्टरों पर केस दर्ज कराया है। इनमें डॉक्टर की सहपाठी महिला मित्र भी शामिल है।

बहन अदिति का आरोप है कि सीनियर डॉक्टर शिवम गुप्ता उनके भाई को प्रताड़ित करते थे। इस बात की शिकायत के बावजूद असिस्टेंट प्रोफेसर सचिन यादव ने कोई कार्रवाई नहीं की। यही नहीं उन्होंने प्रताड़ित भी किया। उधर जूनियर डॉक्टर अनामिका पर आरोप है कि उसने डॉक्टर कार्तिकेय को अपमानित किया। डीसीपी नगर अभिषेक भारती ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल कराई जा रही है।

## कार के भीतर मृत मिले थे जूनियर डॉक्टर कार्तिकेय



मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के जूनियर रेजिडेंट कार्तिकेय श्रीवास्तव (27) एसआरएन अस्पताल के पार्किंग एरिया में अपनी कार के भीतर मृत पड़े मिले थे। कार में एनेस्थीसिया में इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन के दो वायल और सिरिंज मिली हैं। घटना को लेकर पहले आत्महत्या की आशंका जाहिर की गई थी।

कार्तिकेय मूल रूप से जिला कोटद्वार उत्तराखंड के रहने वाले थे और मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में जूनियर रेजिडेंट-2 के पद पर तैनात थे। शनिवार रात 10:30 के करीब वह अपनी कार में मृत पड़े मिले थे। सूचना पर डीसीपी नगर अभिषेक भारती व अन्य अफसर पहुंच गए। प्रारंभिक छानबीन और दोस्तों से पूछताछ में यह बात भी सामने आई है कि वह कुछ दिनों से डिप्रेशन में चल रहे थे। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए।

# लक्ष्मी नारायण इंटर कालेज मेजा में आयोजित हुई 68वीं तहसील स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता

**मेजा।** सोमवार को लक्ष्मी नारायण इण्टर कॉलेज मेजा खास में 68वीं तहसील स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अण्डर 14, 17 तथा 19 वर्ष वर्ग की टीमों ने प्रतिभाग किया। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में सब जूनियर बालक, बालिका वर्ग की कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग किया। जूनियर बालक बालिका वर्ग की कुल 6 टीमों तथा सीनियर वर्ग की कुल 7 टीमों ने प्रतियोगिता हिस्सा लिया। सब जूनियर बालक वर्ग में लक्ष्मीनारायण इष्टर कालेज विजेता तथा राम प्रताप इण्टर कॉलेज सिरसा उपविजेता रही, जबकि सब जूनियर बालिका वर्ग महाराज दण्डी स्वामी उ मा वि विजेता तथा लाल बहादुर शास्त्री इन्टर कॉलेज माण्डा की टीम उपविजेता रही। इसी प्रकार जूनियर बालक वर्ग में मंगला प्रसाद इन्टर कालेज बामपुर विजेता तथा श्रीराम प्रताप इ० का सिरसा दूसरे स्थान पर रही,वहीं जूनियर बालिका वर्ग में लक्ष्मीनारायण इंटर कालेज



मेजा प्रथम एवं शकुन्तला देवी इन्टर कालेज रामनगर उपविजेता रही। प्रतियोगिता में देखा जाय तो सीनियर बालक वर्ग में लक्ष्मीनारायण इण्टर कालेज मेजा विजेता तथा सत्यनारायण इण्टर कॉलेज के खिलाड़ी उपविजेता रहे। इसी प्रकार सीनियर बालिका वर्ग में जनता इण्टर कॉलेज विजेता एवं उपविजेता सत्यनारायण कालेज उरुवा की टीम रही। गौरतलब है कि प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक ब्रह्मपति शुक्ला द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य विमल कुमार श्रीवास्तव ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों एवं क्रीड़ाध्याक्षों आभार व्यक्त किया। लक्ष्मीनारायण इंटर कालेज के क्रीड़ाध्यक्ष अजीत कुमार राय द्वारा प्रतियोगिता में शिरकत करने वाले सभी अध्यापकों को बैच लगाकर अलंकरण कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता सकुशल संपन्न कराने में विद्यालय के अध्यापकों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# सड़क हादसे में मृत रिद्धि के परिजनों को ढांढस बंधाने सांसद उज्जवल रमण पहुंचे समहन गांव, मदद का दिया भरोसा

## कहा-दुर्घटना में घायल सभी बच्चियों का बेहतर इलाज प्रशासन करे सुनिश्चित, परिवार पर दर्ज मुकदमा हो वापस

**मेजा।** प्रयागराज के सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह सोमवार को मेजा के समहन टिकुरी गांव में बीते 24 सितंबर को हुए भीषण सड़क दुर्घटना में मृत सरस्वती उर्फ रिद्धि मिश्रा पुत्री स्व.हरेकृष्ण मिश्र के घर ढांढस बंधाने पहुंचे और परिवारजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद कराने की बात कही। उन्होंने रोते बिलखते परिवार को ढांढस बंधाते हुए परिवारजनों को हर संभव मदद दिलवाने का भरोसा दिया। इस दौरान परिवार के लोगों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा स्वयं पर मुकदमा दर्ज करने की बात बताई जिस पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त किया और कहा प्रयागराज पुलिस कमिश्नर और एसीपी मेजा से बात कर दर्ज मुकदमा वापस कराने का भी आश्वासन दिया। इधर अस्पताल में भर्ती घायल बच्चियों के इलाज के लिए जिलाधिकारी से बात करने तथा दुर्घटना में घायल सभी बच्चियों का बेहतर इलाज जिला प्रशासन से सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह के साथ प्रधान समहन संतोष कुमार



पटेल उर्फ तौलन, मिंटू शर्मा, शैलेंद्र निषाद तथा पप्पू यादव आदि के अलावा कई अन्य कार्यकर्ता एवं शुभचिंतकगण प्रमुंख रूप से मौजूद रहे।

# लंबे समय से गैंगेस्टर एक्ट में फरार चल रहे अभियुक्त को झूसी पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**झूसी।** गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे अभियुक्त को झूसी थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह की अगुआई में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त नगर व सहायक पुलिस आयुक्त झूसी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष झूसी उपेन्द्र प्रताप सिंह झूसी थाना में मुकदमा पंजीकृत अभियुक्त को मय पुलिस टीम द्वारा मो० सलमान पुत्र मो० रोशन हाल पता कस्बा भारतगंज थाना माण्डा जनपद प्रयागराज एवं



स्थायी पता चकिया अऊअ कालोनी धूमनगंज एवं थाना धूमनगंज को आज पुलिस चौकी भारतगंज थाना माण्डा के पास से गिरफ्तार किया गया। मो० सलमान के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत होने के बाद से ही पुलिस को चकमा देकर लगातार फरार चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# मनुष्य को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से आत्मसात करने की है जरूरत : अनुरंजिका

## कठौली गांव में संचालित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ भाग 7 में सुदामा चरित्र पर आधारित सुनाई गई कथा,श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता देख भाव विभोर हुए श्रद्धालु भक्त

**मेजा।** कठौली गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथावाचिका डा अनुरंजिका चतुर्वेदी ने अपनी मृदुल वाणी से सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता पर आधारित कथा सुनाई। जिसे सुनकर उपस्थित श्रोतागण भाऊक हो भाव विभोर हो गए और सुदामा जैसे मित्र की भक्ति के रस में लीन होकर आंसुओं धार बहाने लगे। उल्लेखनीय है कि बाबा भोलेनाथ के धाम काशी वाराणसी से पधारी मुख्य कथा व्यास डा अनुरंजिका चतुर्वेदी द्वारा सुनाई जा रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सुनने के लिए अंतिम दिन भी दूर दराज गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंचे और श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण सुदामा की अटूट मित्रता की कथा श्रवण कर अपना जीवन धन्य कर रहे हैं। अंतिम दिन सुदामा और श्रीकृष्ण मित्रता की कथा एवं मिलन पर विस्तार




से प्रकाश डालते हुए डा अनुरंजिका ने उपस्थित श्रद्धालु भक्तों से कहा कि आज आवश्यकता है श्रीकृष्ण जैसे मित्र की जो प्रभुता एवं धनमद से इतर होकर अपने मित्रों से प्रायः मिलते भी हैं और सहयोग भी इस प्रकार करते हैं कि उन्हें आभास तक नहीं होता है। उन्होंने कहा शास्त्र कहते हैं कि धर्म और दान ऐसे करना चाहिए कि दाएं हांथ से दें तो बाएं हांथ को पता न चले। मनुष्य को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा पुराण में वर्णित सोलह हजार एक सौ रानियों एवं आठ पटरानियों का वर्णन मिलता है जिसका अज्ञ जन बारंबार उल्लेख कर उपहास उड़ाते हैं उन्हें जानना चाहिए कि



श्रीकृष्ण सामान्य पुरुष नहीं अपितु स्वयं परमात्मा थे जिसका रहस्योद्घाटन करते हुए डा चतुर्वेदी ने बताया कि वेद के उपासना कांड की जो सोलह हजार ऋचाए हैं एक सौ आठ उपनिषद वे ही भगवान श्रीकृष्ण की पटरानियां हैं संतों की भाषा में जो अष्ट प्रकृति है वो ही राधा, रुक्मिणी, जाम्बवती, सत्यभामा, कालिंदी, मित्रवृंदा, सत्या, भद्रा,तथा लक्ष्मण। अष्ट महारानियां हैं। गौरतलब है कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन सुदामा श्रीकृष्ण मित्रता की झांकी देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों कृष्ण और सुदामा साक्षात कठौली गांव में विराजनमान हैं। कथा के मुख्य यजमान सुभाषचंद्र शर्मा और श्रीमती सुषमा शर्मा रही।उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के श्रवण करने वाले सभी भक्त गणों को पूणार्हुति के अवसर पर आयोजित भंडारा कार्यक्रम में महाप्रसाद ग्रहण कराकर अपना व परिवार तथा सम्पूर्ण ग्रामावासियों का जीवन धन्य किया है। इस मौके पर कठौली गांव के प्रधान प्रतिनिधि हरिशंकर शर्मा पप्पू भैया जी,बालेंद्र कुमार गौतम, भानु प्रताप गौतम, डा अनिल शर्मा,ज्योति प्रकाश शर्मा, जिया लाल केशरी, रमेश केशरी, कमलेश पांडेय, सचिन अवस्थी, जितेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा तथा श्रीरामेश शर्मा ,श्रीमती सविता शर्मा स्व जालेंद्र,शुभम शर्मा व श्रीमती अंकिता शर्मा, निशांत शर्मा,एवं प्रिया शर्मा आदि के अलावा गांव के कई अन्य सम्मानित संभ्रांत श्रोतागण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### गौ सेवा संगठन के कार्य क्षेत्र का होगा व्यापक विस्तार, बलबीर गिरी



**नैनी।** नैनी संगम नगरी के चर्चित श्रीमठ बाघम्बरी गद्दी में प्रयाग गौ सेवा संगठन की अहम बैठक हुई। बैठक में संगठन के कार्यों को और बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। इसमें कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने संगठन के भावी उद्देश्यों और योजनाओं पर गहन विचार विमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक बलवीर गिरी ने की, जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रजनीश तिवारी, राष्ट्रीय सचिव शिवम केसरवानी, राष्ट्रीय महासचिव राज तिवारी, जिला अध्यक्ष शुभम द्विवेदी, ब्लॉक मंत्री रोहित पाल, और गौ सेवक रिषु मिश्रा एवं विकास विश्वकर्मा भी बैठक में शामिल रहे। बैठक में संगठन के कार्यों को और प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे गए। संगठन का उद्देश्य ना केवल गौ सेवा और गौ रक्षा है, बल्कि सामाजिक और धार्मिक मूल्यों को बढ़ावा देना भी है। उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों ने बैठक में अपने-अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए, ताकि संगठन के कार्यक्षेत्र को और व्यापक बनाया जा सके।

### जीवात्मा एवं परमात्मा का एकीकार होना ही महारास है



**नैनी।** नैनी अरैल बांध रोड स्थित श्री फलाहारी बाबा आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा मर्मज्ञ मिथिलेश दास महाराज ने रास पंचाध्यायी का वर्णन करते हुए कहा कि जीवात्मा एवं परमात्मा का एकीकार होना ही महारास है। गोपी उद्धव संवाद पर बोलते हुए महाराज ने कहा कि ज्ञान चाहे जितनी भी ऊंचाई प्राप्त कर ले परंतु जब तक उसमें प्रेम का समावेश नहीं होता तब वह निरर्थक ही रहता है। आश्रम की व्यवस्था देख रहे राजा राम दास के मार्गदर्शन में भक्तों ने व्यवस्थित होकर कथा का आनंद लिया। कथा में प्रमुख रूप से आश्रम के महंत स्वामी राम रतन दास, स्वामी राम मनोहर दास, स्वामी राम शिरोमणि दास, स्वामी सुखनिधान शरण दास, रमेश चंद नेगी, वासुदेव चौरसिया, सुरेश चंद अग्रवाल, आर के शुक्ला, लक्ष्मीकांत वाजपेई, लल्लू कुशवाहा, हीरा सिंह आदि उपस्थित रहे।

### सेंट डीबी इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया




**नैनी।** नैनी सेंट डीबी इंटर कॉलेज, गुरुनानक नगर में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा छह से इंटर तक के छात्रों ने प्रदर्शनी में विभन्न मॉडलों की प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभांरभ भाजपा नेता नीरज त्रिपाठी ने दीप प्रज्जवलित करके किया। विशिष्ट अतिथी के रूप मे राजेन्द्र तिवारी एवं सिस्टर नीना मौजूद रहीं। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों की प्रतिभा को परखा। इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों द्वरा देश भक्ति गीत पर ग्रुप डांस किया। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण पर नाट्य प्रस्तुति देकर बच्चों ने सभी को तालियां बजाने पर विवश कर दिया। अंत में कक्षा 11वीं के छात्रों महिमा तिवारी, अनन्या श्रीवास्तव के ग्रुप चंद्रयान लॉचिंग मॉडल को प्रथम, कक्षा इंटर के छात्रों आलोक मिश्रा, प्रांजल पांडेय, हर्ष निषाद व अभय सिंह के मॉडल रोबोटिक्स को दूसरा एवं वेस्ट मटैरियल से हाईस्कूल के छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल को तीसरा स्थान मिला। प्रबंधिका सबरीना कुटीनों ने धन्यवाद एवं संचालन वाइस प्रिंसीपल सरोज कुमार शुक्ला ने किया। अतिथियों को स्वागत प्रधानाचार्य विवेक तिवारी किया।

### डीपीएस में गायिका कलापिनी ने दर्शकों का मन मोह लिया




**नैनी।** नैनी दिल्ली पब्लिक स्कूल में प्रतिष्टित भारतीय शास्त्रीय गायिका कलापिनी कोमकली ने सोमवार को शानदार संगीतमय प्रस्तुति दी। स्पिक मैके संस्था से जुड़ी कलापिनी के साथ हारमोनियम पर दीपक दशावल और तबले पर पवन सेन ने संगत करते हुए अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राग अलैया बिदावल और भजनों पर विदुषी कोमकली की महारत ने दर्शकों को संगीतमय आनंद के दायरे में पहुंचा दिया। उनकी प्रेरक यात्रा और सहजता ने श्रोताओं को प्रेरित किया। संगीतमयी प्रस्तुति में मनमोहक भजन जैसे कैसे आऊं रे कान्हा और वैष्णव जन तो तेरे कहिए भी शामिल थे। प्रधानाचार्य डॉ. सुजाता ने कोमकली और उनके साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### नैनी में महाविद्यालय मे हिंदी पखवाड़ा का आयोजन हुआ




**नैनी।** नैनी हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेश जैन की अध्यक्षता में 28 सितंबर को पत्र लेखन प्रतियोगिता एवं 30 सितंबर को आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपस्थित अतिथियों का स्वागत हिंदी विभाग की विभाग प्रभारी प्रोफेसर सविता कुमारी श्रीवास्तव ने किया। पत्र लेखन प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में समाजशास्त्र विभाग के विभाग प्रभारी डॉ हरीश वर्मा और हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ अर्चना राय रहीं। आशु भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में समाजशास्त्र विभाग के डॉ धीरेंद्र सिंह और सैन्य विज्ञान विभाग की डॉ निरुपमा यादव रहीं। आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हर्ष तिवारी बी ए पंचम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर गौसिया बानो बी ए तृतीय सेमेस्टर और तृतीय स्थान पर सृष्टि मिश्रा बी ए तृतीय सेमेस्टर रहे। कार्यक्रमों का संचालन डॉ अर्चना राय और धन्यवाद ज्ञापन डॉ जयराम त्रिपाठी ने किया।

### औद्योगिक क्षेत्र में चेकिंग के दौरान युवक गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान युवक के पास तमंचा बरामद हुआ। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना उठा लाई। मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र पुलिस सोमवार को सड़वा कला के समीप चेकिंग कर रही थी उसी दौरान एक युवक को पुलिस ने पकड़कर पूछताछ करने लगे। जामातलाशी के दौरान युवक के पास एक तमंचा बरामद हुआ। युवक को गिरफ्तार कर थाना उठा लाई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक औद्योगिक क्षेत्र थाना महुआरी निवासी राकेश कुमार सोनी पुत्र स्व. हरिनंदन प्रसाद सोनी के पास एक अदद देशी तमंचा, एक अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

### मसूरियादीन पासी जयंती समारोह कल

**झूंसी।** आवास विकास कालोनी योजना 3 पोस्ट ऑफिस के पास स्थित एक गार्डेन में स्वंतत्रता संग्राम सेनानी, संविधान सभा के सदस्य व नेहरू जी के साथ फूलपुर लोकसभा से सांसद रहें मसूरियादीन पासी की जयंती 2 अक्टूबर को मनाई जाएगी। जानकारी देते हुए अजय प्रकाश सरोज ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुशील पासी राष्ट्रीय सचिव,अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, नई दिल्ली उपस्थित रहेंगे।

# शिकायतकर्ताओं की समय से किया जाए निस्तारणः जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।


लोगों की शिकायतें सुनते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता अरूणेश कुमार तिवारी निवासी दुलुवामई थाना मानिकपुर ने बताया कि प्रार्थी बच्चों की शिक्षा एवं पुनः रोजगार हेतु लखनऊ में कई वर्षो से सेना से सेवानिवृत्त होकर निवास करता हूँ। गांव में केवल मेरे बुजुर्ग माता-पिता रहते है। हमारे पाटीदार तीर्थराज तिवारी उर्फ सोनू व अन्य 10 अज्ञात लोग मेरे पिताजी को डरा धमका कर वैकल्पिक रूप से हाउस अरेस्ट करके साझे की बाग गाटा संख्या 107 व 109 में जबरदस्ती लंबा चैड़ा नाला व रास्ता बिना किसी बटवारा व सहमती के हमारे कब्जे वाले हिस्से में गुंडई के बल पर बनवा दिये है, प्रायः हमें या हमारे परिवार से झगड़ा मारपीट करते रहते है जिससे उबकर प्रार्थी पलायन करने को मजबूर है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी कुण्डा व एसओ मानिकपुर को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर जांच करायें एवं उचित कार्यवाही कर अवगत करायें।

शिकायतकर्ता शिवपूजन सिंह उर्फ दीप सिंह निवासी शुकुलपुर ने बताया कि पवन कुमार विश्वकर्मा लेखपाल पद पर तहसील लालगंज में कार्यरत है, लेखपाल का स्थानान्तरण होने के बावजूद भी लेखपाल कई वर्षो से एक ही जगह पर टिक कर अधिकारियों को मिलाकर तहसील की आफिस में कार्य को अंजाम दे रहा है, लेखपाल राजस्व कर्मचारियों व जनता से धन उगाही का कार्य कर रहा है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी लालगंज को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है और कहा है कि यदि लेखपाल ट्रान्सफर है तो कार्यवाही करें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें।

# भागवत कथा है जीवन के लिए कल्याणकारी-उमापति दास

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** देऊम पश्चिम स्थित बाबा बूढ़ेश्वरनाथ धाम में जनकल्याण के लिए आयोजित सामूहिक संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन करते हुए कथा व्यास बाबा उमापतिदास जी महराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से मानव जीवन की सार्थकता है, कारण कि सच्चा सुख केवल भगवान के श्रीचरणों में ही निहित है।

भौतिकता के चक्कर में मानव भक्ति से दूर होता जा रहा है, जबकि मनुष्य को पहले धर्म और भक्ति को प्रमुखता देनी चाहिए। कथा व्यास ने कहा कि भागवत कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है, इसलिए व्यस्तता में भी समय निकालकर भागवत कथा का श्रवण और अनुश्रवण करना चाहिए। भागवत कथा सुख, समृद्धि और वैभव प्रदान करने के साथ ही कल्याणकारी है।

यह एक ऐसी औषधि है, जिससे जन्म-मरण का रोग मिट जाता है। कथा ब्यास ने कहा भगवान विष्णु सर्वपापहारी पवित्र और समस्त मनुष्यों को भोग तथा मोक्ष प्रदान करने वाले प्रमुख देवता हैं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सरस वर्णन करते हुए गोपी गोपिकाओं और भगवान श्रीकृष्ण के अद्भुत प्रेम को रेखांकित किया,वहीं सुमधुर संगीत के बीच भजन से श्रोता मंत्रमुग्ध दिखे। पूतना वध, गोवर्धन प्रसंग समेत श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं की कथा से लोग भावविभोर हो चले। स्वागत धनंजय मिश्र व्यक्त ने किया। इस मौके पर बृजबिहारी मिश्र, पप्पू भभया,बद्री प्रसाद मिश्र, शिवमराज पांडेय,आशीष तिवारी, उपेंद्र मिश्र, आशुतोष शुक्ला, गिरिजा शंकर शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत आत्मनिर्भर भारत पर संगोष्ठी का आयोजन

## मुख्यतिथि के रूप कालेज प्रबंधिका राजकुमारी रत्ना सिंह रहीं मौजूद

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत सोमवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप महाविद्यालय की प्रबन्धिका एव पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह उपस्थित रहीं।


छात्राओं के बीच पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह।

इस अवसर पर माननीय राजकुमारी ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुये वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिये वर्तमान तकनीकी युग के अनुसार पठन पाठन पर बल दिया। अपने सम्बोधन में राजकुमारी ने वर्तमान विश्व की अर्थव्यवस्था से भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना करते हुये बताया कि जहाँ शेष विश्व इस समय गम्भीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है, वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था निरन्तर आगे बढ़ रही है। भारत आयातक नहीं अब निर्यातक की भूमिका में आ गया है। यह सब मेक इन इंडिया की वजह से संभव हो पाया है। इस अवसर पर राजभवन कालाकाँकर के प्रबन्धक डॉ. घनश्याम यादव महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिवम श्रीवास्तव ने संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी के साथ अन्य गणमान्यजन लोग उपस्थित रहे।

## सांप डसने से युवक की हुई मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सांप डसने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। अंतू थाना क्षेत्र के छतरपुर शिवाला रघना गांव निवासी विकास सरोज (22) पुत्र दयाराम सरोज अपने घर के बरामदे में रात में सो रहा था। उसी दौरान जहरीले सांप ने आकर पैर में डस लिया। जब युवक ने झटका तो क्रोधित सांप ने गले के पास और हाथ पर काट लिया। परिजन इलाज के लिए अस्पताल लेकर दौड़े जहां पर डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# संस्थापक पं0 सुखपति राम उपाध्याय की मनी जयंती

## अष्टभुजा विद्या निकेतन इंटर कालेज में हुए आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अष्टभुजा विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में सोमवार को संस्थापक पंडित सुखपति राम उपाध्याय की जन्म तिथि पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य स्कंद तिवारी व शिक्षकों ने संस्थापक जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि पंडित सुखपति राम उपाध्याय ने ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय की स्थापना कर शिक्षा का उजाला फैलाने का कार्य किया था। विद्यालयों की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अभिषेक हिमांशु और अविनाश ने शारीरिक करतब दिखाए। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रिया गौतम, विनीता कोरी को साइकिल दी जाएगी। बोर्ड की परीक्षा में जिले में छठा स्थान पाने वाले छात्र सुमित यादव को 5100 रुपए नकद तथा दो साल की पढ़ाई का खर्चा प्रधानाचार्य द्वारा दिया जाएगा। इस मौके पर राजेश श्रीवास्तव, विजय पाल, संजय त्रिपाठी विनय तिवारी राकेश पांडे, मुस्तकीम, मुकेश आदि मौजूद रहे। संचालन घनश्याम सागर ने किया।


इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद प्रधानाचार्य व बच्चे।

## पीपल के पौध में है संजीवनी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पीपल का पेड़ दुनिया में सबसे अधिक आक्सीजन देने वाला वृक्ष होता है वही पर्यावरण के असंतुलन को सही करने में संजीवनी का भी काम करता है। उक्त बातें इफको द्वारा संचालित कृषि वानिकी सहकारी समिति डाभियार में वृक्षारोपण के दौरान परियोजना अधिकारी अरुण यादव ने कही। कार्यक्रम को समिति के अध्यक्ष करुणापति मिश्र ने भी संबोधित किया। समिति द्वारा देऊम पूरब पंप कैनाल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विद्युत वितरण उपखंड एवं सई नदी के किनारे पीपल का वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान समिति के सचिव शिवचरण यादव आचार्य बृज बिहारी मिस मिश्रा धनंजय मिश्रा संतोष यादव समेत एक दर्जन से अधिक लोग मौजूद रहे।


युवक के शव के पास जमा भीड़।

## परैया नाले में डूबे युवक का मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के कठार मधुपुर गांव के पास परैया नाले में डूबे हुए युवक का शव उतराया हुआ सोमवार को मिल गया। सोमवार की भोर में परिजन तथा पास पड़ोस के लोग पहुंचे थे। बता दें कि युवक जहां डूबा था युवक वहीं मौके पर से उतराया हुआ शव मिला। युवक के शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। शव मिलने की खबर पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। बता दें कि रविवार को कंधई थाना क्षेत्र के कठार मधुपुर गांव निवासी संजय सिंह का छोटा बेटा युवराज सिंह (20) परैया नाले में नहाते वक्त डूब गया था।

## पुलिस ने गैंगरेप के चार आरोपियों पर की गैंगस्टर की कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** गैंगरेप के चार आरोपियों के खिलाफ पट्टी पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। रानीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को के साथ बेलसंडी गांव के चार लोगों ने गैंगरेप किया था इस मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है सपा के आदेश पर चारों आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि एसपी डॉ अनिल कुमार अपर पुलिस अधीक्षक, पुर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व 29 सितम्बर को थाना पट्टी पर एक आपराधिक संगठित गिरोह के गैंग लीडर व सदस्य क्रमशः गैंग लीडर वसीम खान पुत्र स्व0 निगार अहमद गैंग सदस्य मकबूल हुसैन पुत्र शेरअली, मो0 सोनू पुत्र हुसैन, अब्दुल कलाम उर्फ लाल बाबू पुत्र अब्दुल मजीद समस्त निवासी बेलसण्डी थाना पट्टी, प्रतापगढ़ के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।

# एनपीएस को वापस कर पुरानी पेंशन हो बहाल

## मांगों को लेकर समाजवादी शिक्षक सभा ने दिया ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार एवं समाजवादी शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ एसपी सिंह पटेल के नेतृत्व में राज्यपाल को सम्बोधित मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन समाजवादी शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष जगदीश यादव के नेतृत्व में दिया गया।


जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देते सपा शिक्षक सभा के पदाधिकारी।

ज्ञापन में कहा गया कि वित्तविहीन एवं स्ववित्त पोषित माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों को सम्मानजनक मानदेय एवं सेवा पुस्तिका उपलब्ध कराई जाए। एनपीएस/यूपीएस को वापस लेकर शिक्षकों कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन तत्काल बहाल किया जाए तथा वर्तमान में एनपीएस में जमा की हुई धनराशि को पुरानी पेंशन में जोड़ा जाए। प्राथमिक ,माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग में स्थानांतरण की जटिल प्रक्रिया को सुगम करते हुए इसकी समय सीमा अधिकतम एक वर्ष करते हुए एनओसी की बाध्यता समाप्त कर ऑनलाइन की सुविधा एवं रोस्टर जैसी विसंगतियों को दूर किया जाए। प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग जैसे अनुदानित संस्थाओं में कार्यरत शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों का दर्जा दिया जाए तथा उन्हीं की भांति निशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जाए। नवगठित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग द्वारा अतिशीघ्र पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कराई जाए। माध्यमिक शिक्षा संस्थानों में प्रधानाचार्य की नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन सभी प्रकार के प्रमोशन में भी आरक्षण तथा आरक्षण नियमों का पालन करते हुए रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्दी शुरू की जाए। मदरसा शिक्षकों की समस्याओं पर सहानिभूत पूर्वक विचार करके उनका समाधान किया जाए। बायोमेट्रिक उपस्थिति की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए तथा सभी शिक्षण संस्थानों में वर्तमान में लागू शिक्षक छात्र अनुपात में से छात्रों के अनुपात को कम किया जाए। शिक्षामित्र, तदर्थ शिक्षकों तथा अनुदानित महाविद्यालयों में अनुमोदित शिक्षकों का भी नियमितीकरण किया जाए। माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड की धारा 12, 18 एवं सेवा सुरक्षा की धारा 21 को पुनरू बहाल कर यथावत समायोजित किया जाए तथा सभी शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष की जाए।

# खाली पड़े टैंक को काटते समय धमाका, युवक की हालत नाजुक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के प्रयागराज-अयोध्या हाईवे के बगल शहर से पांच किमी दूर गोपालापुर में बंद पड़े पेट्रोल पंप का टैंक काटते समय उसकी गैस से तेज धमाका हो गया। इससे टैंक काट रहा युवक शामू अंतू निवासी हवा में उछलकर करीब 20 फीट दूर जा गिरा था। वह झुलस गया।


तेज धमाके के बाद खाली पड़ा टैंक।

टैंक को बाबागंज के अख्तर कबाड़ी ने कबाड़ में पंप मालिक घनश्याम सिंह से खरीदा था। उसके टुकड़े करके बेचने के लिए काट रहा था कि अंदर भरी गैस से जोरदार धमाका हो गया। वहां के लोगों ने उसे एंबुलेंस से अस्पताल भेजा, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे प्रयागराज के स्वरुपरानी अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। इस मामले में पता चला है कि गैस के प्रभाव से यह दुर्घटना हुई है जिसकी पुलिस अपने ढंग से जांच कर रही है।

# रंग बिरंगी रोशनी से सजेगा मेला ग्राउण्ड का पंडाल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** श्री नव दुर्गा पूजा समिति मेला गेट की एक बैठक पंडाल स्थल के पास संपन्न हुई। बैठक में पिछले साल के खर्च का ब्यौरा दिया गया। साथ ही इस साल होने वाले खर्च के बारे में चर्चा की गई। बैठक में इस साल बनाने वाले पंडाल की रूपरेखा सहित अन्य मुद्दों पर सभी सदस्यों ने कुछ ना कुछ विचार रखे। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस साल पंडाल को रंग बिरंगी रोशनियों से संजाया जायेगा। बैठक में पुरोहित श्याम शंकर दूबे, अंजनी शुकला, संतोष मिश्रा, आलोक मिश्रा, सियाराम सोनी, संजय सिंह, अनिल श्रीवास्तव, हरिशंकर सिंह, जयराम पांडेय, रवि सिंह, जेपी मिश्रा, महेश सरोज, गोलू, राजू जायसवाल, विजय जायसवाल, दुर्गा प्रसाद, मोनू सोनी, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# हिंदी पखवाड़ा पर संगोष्ठी में राष्ट्रभाषा के उन्नयन पर हुआ विमर्श

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हिंदी पखवाड़ा के तहत रविवार को यहां हिन्दी मित्र संघ द्वारा परिचर्चा का आयोजन किया गया। राष्ट्रभाषा हिंदी के उन्नयन को लेकर वक्ताओं ने हिन्दी को देश की सांस्कृतिक एवं समृद्धि की पहचान बताया। नगर के संस्कृत भवन में हुई परिचर्चा का विषय प्रवर्तन रखते हुए हिंदी मित्र संघ के संयोजक ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि हिन्दी हमारी भारत माता के भाल की स्वर्णिम बिंदी है। उन्होंने परिचर्चा में हिंदी को राष्ट्रभाषा का संवैधानिक दर्जा प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार से संसद में कानून बनाने का प्रस्ताव रखा। परिचर्चा में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार विशालमूर्ति मिश्र ने कहा कि हिन्दी सभी भाषाओं की जननी है। उन्होंने कहा कि हिन्दी को राष्ट्रभाषा का मौलिक अधिकार प्रदान कर ही देश अपनी संस्कृति को विश्वपटल पर आभामण्डित कर सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृत शिक्षक समिति के पूर्व जनपदीय अध्यक्ष आचार्य राजेश मिश्र व संचालन पं. केशवराम ओझा ने किया। परिचर्चा में आचार्य डॉ. शक्तिधर नाथ पाण्डेय, अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र, शिवनारायण शुक्ल, विपिन शुक्ल, आचार्य त्रिवेणीधर शुक्ल, आचार्य राजेश पाण्डेय, कुलभूषण शुक्ल, रामप्रकाश प्रजापति, राकेश तिवारी गुड्डू, दिनेश सिंह, संजय सिंह, दयाराम वर्मा, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी आदि रहे।

# बीएसए ने 57 शिक्षकों व शिक्षामित्रों का एक दिन का वेतन रोका

## निरीक्षण में अनुपस्थित मिलने पर मांगा स्पष्टीकरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने एक सितम्बर से 27 सितम्बर तक विद्यालयों में कराये गये निरीक्षण में 57 प्रधानाध्यापक, अध्यापक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व अनुचर अनुपस्थित पाए गए। उनका एक दिन का वेतन/मानदेय को अग्रिम आदेश तक रोकते हुए एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है कि किन परिस्थितियों में निरीक्षण में ये सभी अनुपस्थित पाए गए।

स्पष्टीकरण न मिलने पर विभागीय कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। बीएसए ने बताया कि लगभग दो दर्जन प्रधानाध्यापक व शिक्षक लगभग इतने ही शिक्षामित्र का वेतन रोका गया है। इसके अलावा सात अनुदेशक व एक अनुचर भी अनुपस्थित रहा है। सभी अनुपस्थित शिक्षक व कर्मचारियों को अपना स्पष्टीकरण खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से भेजने का आदेश जारी किया गया है। स्पष्टीकरण न मिलने पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी जिसकी सारी जिम्मेदारी सम्बन्धित शिक्षक व कर्मचारियों की होगी।

# जनजागरूकता से ही संचारी रोग पर हो सकता है काबू-एचईओ

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता को लेकर शनिवार को लालगंज स्थित बीआरसी केन्द्र पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डा. आरती द्विवेदी ने कहा कि संचारी रोग के नियंत्रण के लिए अभियान के तहत फ्लू, एचआईवी, तपेदिक व मलेरिया जैसी बीमारी को टीकाकरण के जरिए नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होने लोगों से बुखार, खांसी, थकान व सांस लेने में कठिनाई, दस्त एवं त्वचा में घाव जैसे लक्षण को लेकर तत्काल चिकित्सीय परीक्षण कराए जाने का भी मशविरा दिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश प्रताप सिंह ने संक्रामक रोगों के नियंत्रण में जन जागरूकता आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री विष्णु कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक राकेश पाण्डेय, एआरओ राजेश कुमार वर्मा, प्रभाकर द्विवेदी, ओमप्रकाश सरोज, ऋषि द्विवेदी, राजेश्वर यादव, आशुतोष परिहार, अवनीश कुमार, रामकृष्ण त्रिपाठी, राजकुमार पाण्डेय, पुष्पा देवी, साबिरा खातून, अर्चना जायसवाल, अंकिता पाण्डेय, राजाराम सरोज, महेन्द्र सिंह, रामप्रकाश यादव, राजेश यादव, संजय सरोज तथा जगमोहन यादव आदि मौजूद रहे।

## दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** एसआई अरुण मौर्य ने गैंगस्टर के अभियुक्त शुभम सरोज को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त शुभम सरोज पर लूट, डकैती, चोरी सहित गम्भीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त पर बीते 27 फरवरी 2024 को जेठवारा थाना क्षेत्र के नारायणपुर में बाइक और पैसे छीनने का आरोप था। इसकी गिरफ्तारी के लिये एसओ धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक ने जेठवारा थाने के आरक्षी सतीश पाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उधर प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव थाना लालगंज के नेतृत्व में उ0नि0 कबीरदास मय हमराह का0 प्रवीण राय द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत धारा 137(2), 87 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त सम्राट प्रताप पुत्र शारदा प्रसाद निवासी ग्राम 124 सराय अतन उर्फ नौगीरा थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज को थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत कटरा दुग्धा नहर से गिरफ्तार किया गया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने तहसीलों में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस माह अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर का रोस्टर जारी कर दिया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 05 अक्टूबर को तहसील कुण्डा, 19 अक्टूबर को पट्टी, 02 नवम्बर को लालगंज, 16 नवम्बर को रानीगंज, 07 दिसम्बर को सदर व 21 दिसम्बर 2024 को कुण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) की अध्यक्षता में 05 अक्टूबर को तहसील लालगंज, 19 अक्टूबर को रानीगंज, 02 नवम्बर को पट्टी, 16 नवम्बर को सदर, 07 दिसम्बर को कुण्डा व 21 दिसम्बर, लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 05 अक्टूबर को तहसील सदर, 19 अक्टूबर को कुण्डा, 02 नवम्बर को रानीगंज, 16 नवम्बर को पट्टी, 07 दिसम्बर को लालगंज व 21 दिसम्बर 2024 को सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

# नशे की हालत में गाड़ी चलाने वालों के विरूद्ध की जाएं कड़ी कार्यवाही : अपर जिलाधिकारी

**बिना फिटनेस संचालित स्कूली वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय : एडीएम**



**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक में अपर जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देशित किया कि सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर शासनादेशानुसार निर्धारित प्रोफार्मा में जनपद में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को अंकित कराया जाय, जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनायी जा सकें। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित किया कि बिना फिटनेस का कोई भी प्राइवेट डग्गामार वाहन सड़क पर न चलने पाये। उन्होंने कहा कि बिना फिटनेस के स्कूली वाहन कदापि संचालित न होने पायें, नहीं तो कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि आरटीओ तथा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाकर यातायात नियमों के सम्बन्ध में जन-सामान्य को जागगरू किया जाय। उन्हांने विद्यालयों में सड़क सुरक्षा नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के भी निर्देश दियें। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान चलाकर नशें की हालत में गाड़ी चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उन्हांने कहा कि टैम्पू/ऑटो चिन्हित आटो स्टैण्ड में ही खड़ी किये जाय, जिससे जाम की स्थिति पैदा न हों। उन्होंने सभी ईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जहॉ भी टैम्पू/आटो स्टैण्ड नहीं है वहॉ पर स्थान चिन्हित कर जल्द स्टैण्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करवायें। उन्हांने कहा कि राम वनगमन मार्ग में जहॉ-जहॉ पर भी डायवर्जन किया गया है, वहॉ पर रिफलेक्टर/साइनेज बोर्ड अवश्य लगवाये जायें। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित किया कि जनपदीय रोड सेफ्टी एक्शन प्लॉन तैयार किये जाने के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि ओवरलोड गाड़ियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर ओवरलोडिंग को रोका जाय। उन्होने कहा कि जनपद में ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर समुचित कार्यवाही की जाय। उन्होंने पुलिस के अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के सभी थानों में ई-रिक्शा मालिकों को बुलाकर उनसे बात कर ई-रिक्शा यातायात नियमों के तहत संचालन करने के प्रति जागरूक किया जाय। इस अवसर पर एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल एवं पीडब्ल्यूडी एक्शियन हरवंश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंडर 17 में अभिषेक यादव का नेशनल के लिए हुआ चयन

**कौशाम्बी के बेरूआ स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल के छात्र-छात्राओं ने वाराणसी में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 5 (ईस्ट जोन) की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जनपद का नाम किया रोशन**




**भरवारी कौशाम्बी।** वाराणसी में सीबीएसई के ईस्ट जोन की आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 5 खेलकूद प्रतियोगिता में एथलीट इवेंट में प्रतिभाग करते हुए सेंट फ्रांसिस स्कूल बेरुवा के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय का नाम रोशन करने के साथ ही साथ जनपद का नाम भी रोशन किया। अंडर 17 में खेलते हुए अभिषेक यादव ने 3000 मीटर  की दौड़ में रजत पदक हासिल करते हुए नेशनल में खेलने हेतु क्वालीफाई किया। 800 मीटर की दौड़ में अंडर 17 में प्रतिभाग करते हुए मानसी कुमारी ने कांस्य पदक हासिल किया, अंडर-19 में प्रतिभाग करते हुए अभिषेक कुमार ने 5000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया । उक्त सभी छात्र-छात्राओं की सफलता पर विद्यालय प्रधानाचार्य जेराल्ड पी डिसूजा ने बधाई देते हुए नेशनल में खेलने हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दिया।

## हमले के बाद हमला ललकार रहे हमलावर, एसपी से फरियाद के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोधौर पुलिस चौकी औधन गांव के एक अनुसूचित जाति की विवाहिता के ऊपर हमले के बाद हमला हो रहा है बार-बार उसके साथ मारपीट हो रही है हमलावरों का इस कदर हौसला बढ़ा हुआ है कि वह बार-बार फिर हमला करने और हत्या करने के लिए ललकार रहे है जिससे भयभीत दलित महिला गांव घर छोड़कर बाहर रहने को मजबूर है पुलिस अधीक्षक से 27 सितंबर को फरियाद करने के बाद फिर थाना पुलिस और चौकी पुलिस के कार्यो में सुधार नहीं हुआ है हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई है 27 सितंबर को महिला के ऊपर इंद्रजीत उनके पिता चाचा रामबालक आशीष राज नारायण पंडाइन रोशनी आदि आदि द्वारा हमले किए जाने का वीडियो वायरल है इस मामले में मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है बल्कि जिस वाली दलित महिला पर हमला हुआ उसी पर थाना चौकी पुलिस रौब गाँठकर दबाव में लेना चाहती है इसके पहले भी 31 अगस्त को महिला पर हमला हो चुका है इसका मुकदमा तो दर्ज है लेकिन गिरफ्तारी नहीं हुई है बार-बार हमला करने वाले हमलावरो पर कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद है और हमलावर गांव में अशांति फैला रहे हैं अशांति फैलाने वाले लोगों पर कार्यवाही नहीं हो रही है जिससे दहशत और भय का पूरा माहौल बना हुआ है मामले में चौकी इंचार्ज की भूमिका सवालों के घेरे में है दलालों के संपर्क में रहने के चक्कर में पुलिस चौकी इंचार्ज पीड़ितों को न्याय देने के बजाय पक्षपात पर उतारू है जबकि पुलिस अधीक्षक बार-बार चौकी पुलिस को आदेशित कर रहे हैं अपराध करने वाले लोगों को बल देने वाले चौकी और थाना पुलिस के कारनामों की जांच कर दंडित किए जाने की जरूरत है जिससे न्याय व्यवस्था से आम जनता बिना भय के निर्भीक रह सके।

## गैंग रेप की शिकायत कर युवक के परिजनों से वसूला 80 हजार

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक चौराहे पर दूसरे जनपद से आकर रहने वाली एक महिला ने गैंगरेप की झूठी कहानी रच कर पुलिस से शिकायत करने के बाद आरोपी चार युवको के परिवार से 20-20 हजार रुपए की रकम वसूली कर ली है इस वसूली में क्षेत्र के एक चर्चित पहलवान ने लेनदेन में मध्यस्थता की भूमिका निभाई है यह पहलवान एक बड़े अपराधिक घटना में कौशांबी से एक बार जेल भी जा चुका है पूरी रात घर से गायब रहने वाली इस महिला पर सेक्स रैकेट चलाने का आरोप है पति को नशीली दवा खिला करके पूरी रात घर से गायब रहने वाली इस महिला का पाँच पाँच सौ लेने और गैंग रेप का आरोप लगाने के बाद 10 लाख की डिमांड करने का ऑडियो वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है मामले को लेकर पीड़ित युवक के परिवार के लोगों ने एसपी कार्यालय में शिकायत की है।

# दो वर्ष बीते घोटाले के आरोपी प्रधानाचार्य को गिरफ्तार कर पुलिस ने नहीं भेजा जेल

**प्रधानाचार्य नीलम पर 42 लाख 89 हजार 42 रुपए गबन करने का लगा है गम्भीर आरोप**

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य नीलम के विरुद्ध कोखराज थाना में मुकदमा अपराध संख्या 549 सन 2022 धारा 419 420 467 467 471 409 के तहत 2 वर्ष पहले मुकदमा दर्ज हुआ था प्रधानाचार्य नीलम पर 42 लाख 89 हजार 42 रुपए गबन करने का आरोप है लेकिन 42 लाख से अधिक की रकम का घोटाला करने वाली प्रधानाचार्य नीलम के मुकदमे की विवेचना कर उसे गिरफ्तार करने का समय कोखराज पुलिस को दो वर्ष में नहीं मिला है या फिर घोटाले बाज प्रधानाचार्य के चरणों में नतमस्तक होकर के कोखराज थाना पुलिस ने आरोपी प्रधानाचार्य से समझौता कर लिया है। दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोखराज थाना पुलिस आरोपी प्रधानाचार्य नीलम को गिरफ्तार नहीं करना चाहती हैं 42 लाख से अधिक के घोटाले में मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद आरोपी प्रधानाचार्य की गिरफ्तारी न किए जाने के मामले में कोखराज थाना पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है मामले को पुलिस अधिकारियों को गंभीरता से लेते हुए मामले में आरोपी प्रधानाचार्य नीलम की गिरफ्तारी कराते 42 लाख से अधिक की रकम की वसूली किए जाने की जरूरत है लेकिन कोखराज पुलिस मामले में किसी दबाव में काम कर रही है जिससे मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस नहीं करती है घटनाओं को खुलासा करने में कोखराज पुलिस कमजोर साबित हो रही है जिसका लाभ मुकदमे के वांछित उठाते हैं और मुकदमे के साक्ष्य से छेड़छाड़ कर वह बचने का प्रयास करते हैं

गौर तलब है कि जिला विद्यालय निरीक्षक की जांच में प्रधानाचार्य नीलम 42 लाख से अधिक की रकम के गबन की दोषी पाई गई थी जिस पर तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ था लेकिन घोटालेबाज प्रधानाचार्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक भी इस गम्भीर प्रकरण को भूल गए हैं या फिर उन पर भी कुबेर सिंह की मेहरबानी हो गई है यह बड़ी जांच का विषय है और प्रकरण में यदि जिला अधिकारी ने जांच कराई तो प्रधानाचार्य नीलम को संरक्षण देने के मामले में कोखराज थानेदार के साथ-साथ जिला विद्यालय निरीक्षक की संलिप्तता उजागर होना तय है।

# ओसा की गलियों में लगा गंदगी का अंब्बार, नहीं आता सफाई कर्मचारी

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी** नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 24 संत कबीर नगर ओसा में गंदगी का अंबार लगा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर महात्मा गांधी के जन्मदिन गांधी जयंती तक साफ सफाई कराने का सरकार का निर्देश भी ओसा क्षेत्र में नहीं लागू हो सका है गांव की गली और सड़क में नालियों का पानी बह रहा है जिससे दुर्गंध उठ रही है गांव को नगर पालिका में जोड़ने के बाद लोगों को उम्मीद जगी थी कि नाली  जल निकासी सड़क पीने के पानी की सप्लाई बिजली सप्लाई की व्यवस्था में सुधार होगा लेकिन नगर पालिका में जोड़ने के बाद भी सब बकवास साबित हुआ है बार-बार शिकायत किए जाने के बाद भी नगर पालिका परिषद का सफाई कर्मी क्षेत्र की सफाई करने नही आता आखिर सफाई कर्मी किसके दम पर बिना ड्यूटी के वेतन ले रहा है सफाई कर्मी के गांव क्षेत्र में ना आने से पूरे क्षेत्र में गंदगी व्याप्त है जल निकासी का कोई संसाधन ना होने से नाली ना होने से आम जनता समस्याओं से जूझ रही है गांव क्षेत्र में रास्ता सही से नही बना हुआ है सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हैं जल निकासी की कोई व्यवस्था ना होने से सड़कों पर कीचड़ युक्त पानी भरा रहने से ग्रामीणों को आने जाने में दिक्कत होती है आए दिन कीचड़ भरे रास्ते मे ग्रामीण गिरकर चोटिल होते हैं जिससे गांव के लोगों में नगर पालिका परिषद के अधिकारियों के प्रति आक्रोश ब्याप्त है।

## पत्रकार की जमीन से जबरिया रास्ता बनाने पर उतावले हैं दबंग

**कौशांबी** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के कोड़ड़ निवासी शिव प्रसाद सिंह पुत्र जगतपाल सिंह बीते 20 वर्षो से पत्रकारिता करते हैं उनकी निजी भूमि आराजी संख्या 378 में गांव के एक दर्जन दबंग जबरिया रास्ता बनाना चाहते हैं दबंग अपने खेतों में जाने के लिए शिव प्रसाद की जमीन से जबरिया रास्ता चाहते हैं मामले में शिव प्रसाद ने अदालत में मुकदमा दाखिल किया अदालत ने स्थगन आदेश जारी किया जिसकी कॉपी नगर पालिका से लेकर थाना पुलिस तक शिवप्रसाद के बेटे ने पहुंचा दी है लेकिन उसके बाद निजी भूमि आरजी में रास्ता बनाए जाने पर दबंग उतावले दिखाएं पड़ रहे हैं जिससे पत्रकार की लाखों की जमीन बर्बाद होती दिख रही है सवाल उठता है कि किसी की निजी भूमि पर रास्ता बनाने का अधिकार क्या सरकार को है जवाब मिलता है कि सरकार को भी किसी की निजी जमीन से रास्ता बनाने का अधिकार नहीं है तो फिर कैसे शिव प्रसाद की जमीन पर रास्ता बनाने की जुर्रत की गई है यह बड़ा सवाल है और मामले में यदि जिला अधिकारी ने जांच कराई तो शिव प्रसाद की जमीन से रास्ता बनाने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई होना तय हैं।

## ताला तोड़कर अराजक तत्व ने बालिका विद्यालय में शुरू की कैंटीन

**कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अराजक तत्वों ने विद्यालय के भीतर कैंटीन का ताला तोड़कर संचालन शुरू कर दिया है कैंटीन में अराजक तत्वों का जमावड़ा लगता है जिससे विद्यालय में पढ़ने वाली बालिकाओं की सुरक्षा पर खतरा बढ़ गया है मामले को लेकर प्रधानाचार्य नीलम ने भी थानेदार को पत्र दिया और प्रबंधक पितांबर लाल केशरवानी ने भी पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा है लेकिन बालिका विद्यालय में अराजक तत्व द्वारा ताला तोड़कर कैंटीन शुरू कराए जाने के इस मामले में कैंटीन संचालक और उसके सहयोगियों की गिरफ्तारी कर उन्हें जेल नहीं भेजा गया है सवाल उठता है कि इन अराजक तत्वों को किसका संरक्षण प्राप्त है जिनके दम पर यह अराजक तत्व बालिका विद्यालय के अंदर कैंटीन का ताला तोड़कर के कैंटीन का संचालन शुरू कर चुके हैं अराजक तत्वों के तानाशाही के आगे विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्य मजबूर दिखाई पड़ रहे हैं आखिर विद्यालय में पढ़ने वाली बालिकाओं के सुरक्षा की जिम्मेदारी भी प्रबंधक और प्रधानाचार्य की है और जब विद्यालय में अराजकता का माहौल होगा तो बालिकाओं की सुरक्षा कैसे होगी।

## 2 महीने बीते चोरी की नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

**कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र के बरियावा पुलिस चौकी अंतर्गत रामपुर गांव में दो महीने पहले बबली देवी के घर के भीतर दीवार में सेंध करके लाखों के सोना चांदी के जेवर और अनाज चोर उठा ले गए थे पड़ोसी पर चोरी किए जाने की आशंका थी मामले की सूचना पुलिस चौकी से लेकर पुलिस अधीक्षक तक पीड़ित बबली ने दी थी धीरे-धीरे घटना को 2 महीने बीत गए हैं लेकिन बबली के घर चोरी की इस घटना को पुलिस ने दर्ज करके आरोपियों की गिरफ्तारी नही की है चोरी के मामले का खुलासा पुलिस ने नहीं किया है चोरी गए माल को भी पुलिस ने बरामद नहीं किया जिससे चौकी थाना पुलिस के कारनामे पर सवाल खड़े हो गए हैं 30 सितंबर को फिर बबली पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची है और चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग की है।

## सभी विकास खण्डों में कैम्प का आयोजन कर श्रमिकों का किया जायेंगा पंजीकरण

**कौशाम्बी** शासन के निदेर्शानुसार उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यां में कार्यरत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को विभाग द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं तथा असंगठित कर्मकारों के ई-श्रम पंजीयन एवं प्रधान मंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना, व्यापारी मानधन पेंशन योजना का प्रचार प्रसार किया जाना है। साथ ही सी0एस0सी0/जन सेवा केन्द्रों के माध्यम से मनरेगा श्रमिकों तथा अन्य निर्माण श्रमिकों/कामगारों का ऑनलाइन पंजीकरण के लिए विकास खण्ड मंझनपुर में 01 अक्टूबर 2024 कैम्प का आयोजन किया जायेंगा। इसी प्रकार विकास खण्ड सरसवा में दिनांक 04 एवं 05 अक्टूबर, विकास खण्ड कौशाम्बी में दिनांक 07 एवं 08 अक्टूबर, विकास खण्ड सिराथू में 14 एवं 15 अक्टूबर, विकास खण्ड कड़ा में दिनांक 18 एवं 19 अक्टूबर,  विकास खण्ड नेवादा में 21 एवं 22 अक्टूबर, विकास खण्ड चायल में 23 एवं 25 अक्टूबर तथा विकास खण्ड मूरतगंज में 28 एवं 29 अक्टूबर 2024 को कैम्प का आयोजन श्रमिकों का पंजीयन किया जायेंगा। यह जानकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी महन्थ प्रजापति ने देते हुए बताया कि योजना के अन्तर्गत रू0-15000/मासिक आय तक वाले असंगठित कामगार जिनकी आयु 18-40 वर्ष के मध्य है, को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद रू0-3000/- प्रतिमाह पेंशन दिये जाने का प्रविधान किया गया है। यह योजना अंशदायी है तथा योजना के अन्तर्गत श्रमिकों को उनके योजना में प्रवेश के आयु के आधार पर रुपए 55 से लेकर 200 प्रतिमाह नियमित अंशदान किया जायेंगा। श्रमिक द्वारा किये गये अंशदान के समतुल्य धनराशि का अंशदान भारत सरकार द्वारा भी किया जायेंगा। योजना के उपबन्ध उन असंगठित कर्मकारों पर लागू होंगे, जो ग्रह आधारित कर्मकार, गली में फेरी लगाने वाले, मध्यान्ह भोजन कर्मकार, सिर पर बोझा उठाने वाले, घरेलू कर्मकार, ईंट भठ्ठा कर्मकार, मोची कर्मकार, कूड़ा बीनने वाले, 2.5 एकड़ से कम जोत वाले कर्मकार, हथकरघा कर्मकार, चमड़ा कर्मकार, दृष्य श्रृब्य कर्मकार के रूप में एवं ऐसे ही अन्य व्यवसायों में कार्य कर रहें हैं। इसके अतिरिक्त रोजगार सेवक तथा मनरेगा श्रमिकों, आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी कर्मियों, रसोइयों, होमगार्ड, पी0आर0डी0 जवान का भी पंजीयन किया जायेंगा। योजना के अन्तर्गत पंजीयन की कार्यवाही जन सुविधा केन्द्रों के माध्यम से की जायेगी। आधार कार्ड, बैंक खाते की छायाप्रति लेकर किसी भी जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से कामगार अपना पंजीयन करा सकतें हैं।

# झोलाछाप चिकित्सक की लापरवाही से इलाज में मौत के बाद नहीं हुई गिरफ्तारी

**चाकवन चौराहा स्थित आदर्श पाली पॉली क्लीनिक में मौत के बाद अब पहुँचा परसरा चौराहा**

**झोलाछाप डॉक्टर पत्रकार बनकर वसूली कर पत्रकारों को कर रहा बदनाम**

**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के चाकवन चौराहे पर संचालित एक अवैध अस्पताल में मरीज के इलाज के दौरान मौत होने के 14 महीने बाद भी अस्पताल संचालक कथित चिकित्सक पर मुकदमा दर्ज करके मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उसकी गिरफ्तारी नहीं कराई है उसको जेल नहीं भेजा है अवैध अस्पताल को सीज नहीं किया है जिससे मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर भी बड़े सवाल खड़े हैं अवैध अस्पताल में मौत के इस मामले के बाद स्वास्थ्य विभाग के कारनामों की जांच कराए जाने की जरूरत है लेकिन सवाल उठता है कि स्वास्थ्य विभाग के अवैध वसूली की कौन जांच कराएगी इस अवैध अस्पताल के संचालक कथित चिकित्सक को कौन जेल भेजेगा चाकवन चौराहे पर अस्पताल बंद करके अब इनका अस्पताल परसरा चौराहे पर चल रहा था बीते दिनों इनका एक ऑडियो भी वायरल हुआ है जिसमें यहां 10 और 15 की वसूली की बात कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के कड़े निर्देश के बाद भी कौशांबी के अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई नहीं हो रही है स्वास्थ्य विभाग कुछ को छोड़कर अन्य गुनहगारों से केवल वसूली तक सीमित है जिससे मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल रहा है और मरीजों की अवैध अस्पतालों में आए दिन मौत हो रही है 27 सितंबर 2024 को फिर मंझनपुर मुख्यालय के अस्पताल में मौत हो गई है हालांकि निजी अस्पतालों में मौत का यह कोई एक मामला नहीं है अनुभव हीन कथित चिकित्सको के इलाज में आए दिन मौत होती है लेकिन किसी कथित चिकित्सक पर मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तारी नहीं कराई जाती है आखिर मौत का खेल खेलने वाले इन कथित चिकित्सकों से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इतना नरम दिली क्यों है जिससे आयोग्य  चिकित्सकों के इलाज के चलते आए दिन मरीजों की अस्पतालों में हो रही मौत के बाद अस्पताल सीज करके कथित चिकित्सक जेल नहीं भेजे जा रहे हैं। सिराथू तहसील क्षेत्र के चाकवन चौराहा स्थित आदर्श पाली पॉली क्लीनिक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किए गए मरीज लल्लू की 13 जुलाई 2023 को मौत हो गई है मौत के इस मामले में भी मृतक लल्लू के परिजनों को स्वास्थ्य विभाग से सहयोग नहीं मिल सका 13 जुलाई को अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया गया लेकिन अवैध नर्सिंग होम का बाल बांका नहीं हो सका पाली क्लीनिक का बोर्ड लगाकर अस्पताल की तर्ज पर यह अस्पताल चल रहा है अंदर तमाम बेड लगाए गए हैं जहां मरीज भर्ती किए जाते हैं उन्हें ग्लूकोज की बोतल टांगकर उनसे हजारों लाखों की वसूली की जाती है बिना किसी डिग्री और अनुभव के कथित चिकित्सक को अस्पताल संचालन की छूट स्वास्थ्य विभाग दे दिया है बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर अस्पताल का संचालन हो रहा है मौके पर योग्य चिकित्सक नहीं है जिससे इलाज में मरीजों की मौत होती है लेकिन मौत होने के बाद भी अवैध अस्पतालों पर जिले में कार्यवाही होती नहीं दिख रही है जिससे पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं अस्पताल के चिकित्सक पर मुकदमा दर्ज करके अस्पताल को सीज करते हुए चिकित्सक को जेल भेजने की मांग एक बार फिर शुरू हुई है।

## न्यूज झरोखा

### 112 नंबर के सिपाहियों की वसूली से त्रस्त वाहन चालकों ने सड़क पर लगाया जाम

**वसूली कर रही 112 नंबर पुलिस और प्राइवेट व्यक्ति को थाना पुलिस ने अपने हिरासत में लिया**



**कड़ा कौशाम्बी** डायल 112 पुलिस की वसूली से त्रस्त वाहन चालकों ने सोमवार की दोपहर सैनी कोतवाली क्षेत्र में सड़क पर जाम लगा दिया है जिससे आवागमन बाधित हो गया है जाम की सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची है और वाहन चालकों को समझा बुझाकर जाम समाप्त कराया और वसूली कर रहे 112 नंबर के दीवान और उसके साथी को थाना पुलिस ने अपने हिरासत में ले लिया है सैनी कोतवाली क्षेत्र में 112 नंबर डायल पुलिस प्राइवेट व्यक्ति के साथ वसूली करती थी वसूली से वाहन चालक परेशान हैं तमाम ट्रक ड्राइबर ने कमासिन केसरिया नेशनल हाईवे 2 में लगभग 3 किलोमीटर जाम लगाकर यातायात बाधित कर दिया है इससे काफी देर तक आम जनमानस सड़क पर परेशान रही मामला 112 डायल नंबर की गाड़ी का है जिस पर प्राइवेट व्यक्ति मोहम्मद शाहिद पुत्र सोहेब अहमद निवासी बमरौली थाना धूमनगंज के साथ मिलकर डायल पुलिस वाले रोड में जांच के नाम पर वाहनों से वसूली करते है रोड में ट्रक ड्राइवर ने 112 डायल नंबर के साथ प्राइवेट व्यक्ति को वसूली करते पकड़ कर सैनी थाना पुलिस को सौंप दिया सैनी पुलिस ने 112 डायल नंबर की गाड़ी अपने कब्जे में ले लिया प्रहलाद कुमार दीवान और प्राइवेट व्यक्ति को भी अपने साथ पूछताछ के लिए थाना पुलिस थाने ले गई डायल 112 पुलिस की सड़क पर वसूली का भंडाफोड़ ट्रक चालकों ने कर दिया है

### टेढ़ीमोड़ नवदुर्गा पूजा कमेटी का हुआ गठन



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** सिराथू तहसील के टेढ़ीमोड़ बाजार में हर साल मां नवदुर्गा की मूर्ति की स्थापना की जाती है 9 दिनों तक क्षेत्र के भक्त मां भगवती की सुबह शाम पूजा अर्चना करते है। इस वर्ष भी पूजा को विधिविधान पूर्वक संचालित करने के लिए सोमवार को गठित नवदुर्गा पूजा कमेटी का पुनर्गठन किया है। जिसमें सर्वसम्मति से अशोक गुप्ता को अध्यक्ष पद पर कुलदीप केसरवानी(सुनील) व शनि केसरवानी उपाध्यक्ष, सुनील सोनी मंत्री, कुलदीप केसरवानी महामंत्री, सौरभ केसरवानी कोषाध्यक्ष, शरद व मोनू प्रचार मंत्री, सचिन केसरवानी आय व्यय मंत्री बनाए गए। कमेटी के संरक्षक के रूप में मक्खन लाल, राजकुमार, पितांबर लाल, दिनेश कुमार, गुलाब केसरवानी, रामबाबू श्रीवास, चिरौंजीलाल, बीरेंद्र केसरवानी , शिवकरन यादव, राम जी, गणेश विश्वकर्मा, दिलीप जायसवाल व सोनू केसरवानी की जिम्मेदारी तय की गई। नवरात्रि के प्रथम दिन तीन अक्टूबर की मूर्ति स्थापना के साथ शुरू होकर 12 अक्तूबर तक भक्ति का कार्यक्रम चलेगा।

### ट्रक से गिरे तार के बंडल की चपेट में आने से कार ड्राइवर घायल




**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के राष्ट्रीय राजमार्ग कुंजी पुर के सामने ट्रक से गिरे तार के बंडल की चपेट में आने से कार ड्राइवर घायल हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है जानकारी के अनुसार ट्रक ड्राइवर राम सिंह पुत्र अजीत सिंह निवासी रानी गंज बंगाल से ट्रक में तार लोड कर पंजाब जा रहा था नगर पंचायत अझुवा के समीप कुंजी पुर गांव के सामने सड़क किनारे खड़े कंटेनर से ट्रक भिड़ गया इस भिड़ंत से ट्रक की बॉडी टूट गई और ट्रक में लदी तार के बंडल सड़क पर बिखर गए जिसकी चपेट में आकर सड़क पार कर शौच को  जा रहा कार ड्राइवर गंभीर रूप से जख्मी हो गया सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से उपचार हेतु अस्पताल भेज दिया।कार चालक अरुण पाल 50 वर्ष निवासी लहर जिला भिंड कार मालिक देवी दीन और उनके चार साथियों को लेकर प्रेम देवी पत्नी देवी दीन की अस्थि और कलश को संगम विसर्जित करने जा रहे था।ट्रक ड्राइवर की लापरवाही भरे कृत्य से यह हादसा हुआ है चौकी पुलिस ट्रक ड्राइवर को हिरासत में लेकर कार्रवाई में जुट गई है।।

### राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल सिराथू की व्यवस्था चौपट मरीजों से करते हैं अभद्रता

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सिराथू की व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है डॉक्टर 2:00 बजे के बाद मौजूद नहीं रहते हैं कर्मचारी भी गायब हो जाते हैं जबकि 50 बेड के इस अस्पताल में मरीज भर्ती कर उनका इलाज किए जाने का नियम है अस्पताल में आने वाली दवाओ को कर्मचारी अपने घर उठा ले जाते हैं जिससे अस्पताल में दवाएं मौजूद नहीं रहती और मरीजों को दवा नहीं मिल पाती है 50 सैय्या का एकीकृत आयुष चिकित्सालय सिराथू अस्पताल में पहुंचने वाले मरीज को अस्पताल में डॉक्टर द्वारा दवा लिखी जाती है लेकिन जब मरीज अस्पताल में दवा लेने काउंटर पर जाते हैं तो दवा वितरण कर रहे कर्मचारी सीधे शब्दों में कह देते हैं की दवा उपलब्ध नहीं है आप बाहर से जाकर दवा लीजिए अगर मरीज पूछता है तो उसके साथ बात करने के बजाए अभद्रता की जाती है आयुर्वेदिक अस्पताल के कर्मचारी गुण्डई और मारपीट पर उतावले हो जाते हैं आयुर्वेदिक अस्पताल परिसर में गंदगी का अम्बार लगा रहता है जिससे इस अस्पताल में मरीजों का मर्ज ठीक होने के बजाय गंदगी के चलते बैक्टीरिया कीटाणु से मरीजों को जूझना पड़ता है क्षेत्र के लोगों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए अस्पताल की व्यवस्था की जांच करा कर दोषियों को दंडित किए जाने की मांग की है

### हिन्दू मंदिरों से सरकारी नियंत्रण समाप्त हो : विहिप

**जनआक्रोश यात्रा निकाल वीएचपी ने तिरूपति बालाजी भोग प्रसाद में मिलावट का किया विरोध**




**कौशाम्बी।** विश्व हिन्दू परिषद् के तत्वाधान में जन आक्रोश यात्रा निकाली गई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण ने किया। जन आक्रोश यात्रा हिन्दू जनमानस में तिरूपति बालाजी भोग प्रसाद के अपवित्रता को लेकर काफी आक्रोश है। संगठन के लोगों ने जिला अधिकारी मधुसूदन हुलगी को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। संगठन के सह मंत्री वेद प्रकाश सत्यार्थी ने कहा कि मंदिरों पर दूसरे धर्म के लोगों को नौकरी पर रखा गया है यहां तक की ट्रस्ट के जिम्मेदार पदों पर भी भी धर्मियों को रखा गया है। जो हिंदू धर्म के आस्था से बार-बार खिलवाड़ करते हैं मौजूदा घटना भी इसी का उदाहरण है। ऐसे में हिंदू मंदिरों की देखरेख की जिम्मेदारी हिंदू धर्म के साधु संतों और हिंदुओं को दिया जाए। जैसा कि भारत में दूसरे धर्म के धर्म स्थलों के साथ व्यवहार होता है वही व्यवहार हिंदू धर्म लंबियों के साथ भी होना चाहिए। इस मौके पर भारत सरकार से हिन्दू मंदिरों पर से सरकार नियंत्रण से मुक्त कराए जाने की मांग की गई। सभी लोगों ने एक स्वर में हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़ बन्द होना चाहिए।तिरूपति बालाजी मंदिर में प्रसाद के अपवित्रता के दोषियों को सख्त से सख्त सजा हो यह मांग की गई है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिव पूजन राही, वेद प्रकाश सत्यार्थी, रूपेंद्र विश्वकर्मा, शिवम पाण्डेय, दीपक मौर्य, पुष्पेंद्र पाण्डेय, वीरेंद्र दिवाकर, राजाराम सरोज, शतीस तिवारी, राम दास पाल, राजेश पाल, नन्हा, अंकित पाल, धनजय पाण्डेय, सर्वेश पटेल, राजेश पाल, आशीष दुबे, नितिन, गुलजार, अनिल विश्वकर्मा, भैयालाल, राजेंद्र, मनीष मिश्रा, गोविन्द, रंजीत, अंकित दिवाकर, कार्तिकेय, हनुमान पटेल, पंकज पटेल, नयन सिंह, बाल्मिक पांडे, पंकज पाण्डेय, सैंपल पटेल, शहंशाह पटेल, बजरंगी अग्रहरी, पुस्कर जायसवाल, प्रदीपजी, तारीफ यादव ज्ञानचंद अवधेश मिश्रा, दिनेश सोनी आदि रहे।

## सम्पादकीय

### सीतारमण के खिलाफ दर्ज एफआईआर ने पूरी भारतीय जनता पार्टी को मुश्किल में डाल दिया

**बंगलुरु** के तिलक नगर पुलिस स्टेशन में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दर्ज एफआईआर ने पूरी भारतीय जनता पार्टी को मुश्किल में डाल दिया है। यह एफआईआर बंगलुरु हाईकोर्ट के निर्देश पर की गयी है। इसके अनुसार सीतारमण एवं अन्य लोगों ने केन्द्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय का डर दिखाकर 8000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की राशि उगाही थी।

जनाधिकार संघर्ष परिषद के सह अध्यक्ष आदर्श अय्यर ने बंगलुरु की जन प्रतिनिधियों की विशेष अदालत में एक शिकायत दर्ज की थी जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि चुनावी बॉन्ड्स के रूप में जबरन डरा-धमकाकर धन की वसूली की गयी है। एसीएमएम कोर्ट ने शिकायत की एक प्रति रिकॉर्ड के लिये थाने भेजने का भी निर्देश दिया है। एफआरआई के लम्बित होने के कारण सुनवाई 10 अक्टूबर तक के लिये टाली गयी है। शिकायतकर्ता के अनुसार सीतारमण ने ईडी अधिकारियों के माध्यम से जो जबरन वसूली की, उसमें अन्य भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का भी सहयोग था। शिकायत में ईडी अधिकारियों तथा केन्द्रीय कार्यालय के अधिकारी तो शामिल हैं ही, कर्नाटक भाजपा के पूर्व सांसद नलिन कुमार कतील, भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेन्द्र एवं एक और भाजपा नेता शामिल है। आरोप है कि वित्तमंत्री पद पर बैठी सीतारमण तथा अन्य लोगों ने 8000 करोड़ रुपयों की जबरन वसूली की। विभिन्न कार्पोरेट कम्पनियों के उच्चाधिकारियों को गिरफ्तारी का डर दिखाया गया तथा छापों की धमकी देकर भाजपा के लिये चुनावी बॉन्ड्स खरीदने पर मजबूर किया गया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष की फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सरकार द्वारा 2019 में लाई गई इलेक्टोरल बॉन्ड्स की योजना को असंवैधानिक बतलाते हुए इसे लोगों के सूचना के अधिकार का हनन भी बताया था क्योंकि भाजपा सरकार उन लोगों के नाम जाहिर करने से इंकार करती रही जिन्होंने उसे इस रूप में चंदा दिया था। सरकार का यह कहना था कि जनता को इससे कोई सरोकार ही नहीं होना चाहिये कि किन लोगों ने किन राजनैतिक दलों को चंदा दिया है। ये बॉन्ड्स भारतीय स्टेट बैंक के जरिये खरीदे गये थे। स्वतंत्र याचिकाकताओं की मांग थी कि लोकसभा चुनाव (2024) के पहले यह सूची जारी होनी चाहिये ताकि नागरिकों को पता चल सके कि किस पार्टी ने किस कम्पनी से कितने पैसे लिये हैं जबकि इसके लिये सरकार तथा उसके इशारे पर एसबीआई तैयार नहीं थी। बैंक अधिकारियों का कहना था कि इस काम के लिये उन्हें तीन माह का समय लग जायेगा। उद्देश्य यह था कि तब तक चुनाव निकल जाये तत्पश्चात ही ये आंकड़े सार्वजनिक किये जायें ताकि उसका चुनावी परिणामों पर असर न हो। देश की कारोबारी लॉबी ने भी इस मामले में शामिल होकर उच्चतम न्यायालय से गुजारिश की थी कि ऐसा न होने दिया जाये वरना उनकी साख पर भी बट्टा लग सकता है।

# मोदी का एक ही सपना : मुस्लिम बहुल राज्य में अपनी सरकार बनाने का

– शकील अख्तर

**जम्मू**-कश्मीर के मामले में हर प्रधानमंत्री का रोल ऐसा ही होता था। देश हित सबसे पहले। जनता पार्टी के लोग उस चुनाव में 1977 के बड़ी तादाद में चुनाव लड़े थे। मगर केन्द्र सरकार और राज्य प्रशासन की उन्हें कोई मदद नहीं मिली। नतीजा शेख अब्दुल्ला ने 76 में से 47 सीटें जीतकर सरकार बनाई। जनता पार्टी 13 सीटों पर जीती। कांग्रेस से ज्यादा। कांग्रेस को केवल 11 मिलीं।

तोजो हमारी शंका थी उसी के अनुरूप प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर में अपनी आखिरी सभा में दावा कर ही दिया। हालांकि ऐसा दावा कश्मीर को लेकर किसी प्रधानमंत्री ने कभी नहीं किया। सबने एक ही बात कही है कि पार्टी कोई भी जीते सरकार किसी की भी बने वहां जीत भारत के लोकतंत्र की होना चाहिए। नरसिम्हा राव से लेकर वाजपेयी और मनमोहन सिंह तक ने।

मगर मोदी ने शनिवार को जम्मू में कहा कि पहली बार जम्मू-कश्मीर में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। हम पहले से कहते रहे हैं कि- जम्मू-कश्मीर में लगातार चुनाव टाले जाने की एक ही वजह है कि मोदी को वहां अपना मुख्यमंत्री बनाए जाने की संभावना नहीं दिख रही है।

मोदी जी कहने को तो खुद की तुलना तो नेहरू-इंदिरा की करते हैं मगर जानते हैं कि उनका फील्ड बहुत बड़ा था। इतिहास में वे उनके मुकाबले कहीं नहीं टिक पाएंगे। इसलिए वे हिन्दुत्ववादी नेताओं में सबसे बड़े बनना चाहते हैं और इसके लिए देश के एकमात्र मुस्लिम बहुल प्रदेश में अपना मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। आडवानी संघ सबको बताना कि देखो मैंने किया! अब यह हो पाएगा या नहीं यह अलग मुद्दा है। मगर आतंकवाद के 35 साल के दौर में मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो वहां भारत की भाषा न बोलकर अपनी पार्टी की भाषा बोल रहे हैं। आतंकवाद के दौर में पहला चुनाव 1996 में हुआ था। प्रधानमंत्री थे नरसिम्हा राव। जम्मू -कश्मीर के चुनाव के बाद उन्हें अपने लोकसभा के चुनाव करवाना थे। कश्मीर में कांग्रेस का मुख्यमंत्री बनवाने का फायदा उन्हें लोकसभा चुनाव में मिल सकता था। मगर नरसिम्हा राव ने एक बार भी वहां कांग्रेस का मुख्यमंत्री बनाने की कोशिश नहीं की। फारूख अब्दुल्ला को बनवाया। सबकी सहमति थी कि कश्मीर में हालत सही करने के लिए और पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए फारूख से उपयुक्त और कोई नहीं होगा। भाजपा की भी थी। जिसके नेता उस समय वाजपेयी, आडवानी और मुरली मनोहर जोशी थे।

यहां थोड़ा सा यह और बता दें कि आतंकवाद के दौर में या उससे पहले फ्री और फेयर इलेक्शन कम होता था। दिल्ली तय करती थी और कमोबेश वैसे ही नतीजे आते थे। 1951 में जब वहां कान्स्टिट्यूशनल असेम्बली का चुनाव था तो सभी 75 सीटों पर निर्विरोध चुनाव हो रहा था। शेख अब्दुल्ला सबसे बड़े नेता थे। जब उनसे कहा गया कि चुनाव होना चाहिए। तो उन्होंने कहा कि क्या मैं पापुलर नहीं हूं? दरअसल शेख अब्दुल्ला इसके जरिए पाकिस्तान और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को जवाब देना चाहते थे कि देखो जम्मू-कश्मीर ने एक मत से भारत के समर्थन का फैसला किया है। मगर संयुक्त राष्ट्र शेख अब्दुल्ला की यह योजना समझ गया था और उसने कहा कि वह इस चुनाव को जनमत संग्रह का विकल्प नहीं मानेगा।

जब शेख साहब को यह मालूम पड़ा तो फिर उन्होंने कुछ सीटों पर चुनाव करवाया। हालांकि रिजल्ट पूरा नेशनल कांन्फ्रेंस के पक्ष में आया। और यह जम्मू-



कश्मीर में चुनावों की परंपरा बन गई। कहा जाता था कि अगर शेख साहब बिजली के खंबे को भी मेन्डेट दे दें तो वह भी जीत जाएगा। जम्मू-कश्मीर में पहला फ्री एंड फेयर चुनाव 1977 में हुआ था। मोरारजी देसाई ने करवाया था। हालांकि उन्हीं के सरकार के वरिष्ठ मंत्री जिनमें गृह मंत्री चरण सिंह और सबसे सीनियर मंत्री जगजीवन राम शामिल थे इस पक्ष में नहीं थे।

उन्होंने कहा कि जैसे होते आए हैं वैसे होने दीजिए। मगर मोरार जी ने किसी की नहीं सुनी। मुख्य चुनाव आयुक्त भी कश्मीरी थे। बीएल शकधर ने उन्हें बुलाकर कहा कि एकदम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए। और वैसा ही हुआ। करीब 50 साल हो गए। जम्मू-कश्मीर के लोग आज भी याद करते हैं।

तो जम्मू-कश्मीर के मामले में हर प्रधानमंत्री का रोल ऐसा ही होता था। देश हित सबसे पहले। जनता पार्टी के लोग उस चुनाव में 1977 के बड़ी तादाद में चुनाव लड़े थे। मगर केन्द्र सरकार और राज्य प्रशासन की उन्हें कोई मदद नहीं मिली। नतीजा शेख अब्दुल्ला ने 76 में से 47 सीटें जीतकर सरकार बनाई। जनता पार्टी 13 सीटों पर जीती। कांग्रेस से ज्यादा। कांग्रेस को केवल 11 मिलीं। और जमाते इस्लामी को केवल एक। जबकि पिछले विधानसभा में उसके पास पांच सीटें थीं।

कश्मीर में पाकिस्तान को सबसे पहला मौका कब मिला? 1987 के चुनाव में। यह चुनाव राजीव-फारूख समझौते के बाद हुआ था। दो सबसे बड़ी पार्टियां नेशनल कान्फ्रें स और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़े थे। मुकाबले में कई पार्टियों का एक महासंघ मुस्लिम युनाइटेड फ्रंट ( मफ) बना। इस दौरान कई अलगाववादी नेता भी मुख्यधारा में आए थे। बाद में सबसे बड़े अलगाववादी और पाक समर्थक नेता बने सैयद अली शाह गिलानी ने वह चुनाव लड़ा था। और सोपोर से जीते थे। उनकी पार्टी जमाते इस्लामी के अलावा प्रो. अब्दुल गनी लोन जिनकी 2002 में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी, की पार्टी पीपुल्स कांफ्रेंस ने भी चुनावों में हिस्सा लिया था। मगर इस चुनाव के बारे में सबसे बड़ा आरोप है कि उसका रिजल्ट मतदान केन्द्रों में बदल दिया गया। फोन तो होते नहीं थे। लोग मतगणना अधिकारी से पूछकर बाहर जाकर अपने जीतने की घोषणा करते थे फिर वापस जब मतगणना केन्द्र में अन्दर आते थे तो उनके प्रतिद्वंद्वी को जीत का सर्टिफिकेट दिया जा चुका होता था।

जनता ने इस रिजल्ट को स्वीकार किया ही नहीं। आतंकवाद की शुरूआत यहीं से मानी जाती है। 1987 के बाद अगला चुनाव सीधे 1996 में हुआ। जो एक बहुत मुश्किल दौर था। कश्मीर के अन्दरूनी हालत को लेकर भी और अन्तरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की वजह से भी। यूएन में पाकिस्तान लगातार सवाल उठा रहा था। अमेरिका-चीन जैसे देश उसे हवा दे रहे थे। ऐसे में कश्मीर में चुनी हुई सरकार ही सबसे सटीक जवाब था। और वही 1996 में चुनाव करवा कर दिया गया।

इसके बाद का चुनाव 2002 का भी वहां ऐतिहासिक रहा। दूसरा फ्री एंड फेयर इलेक्शन माना जाता है। मोदी जी ध्यान करें। वह भाजपा के पहले प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने करवाया था। उन्होंने भी कहा कि यह चुनाव किसी पार्टी की जीत-हार का नहीं है। कश्मीर में लोकतंत्र मजबूत करने का है। और नतीजा क्या रहा? उनकी पार्टी भाजपा की सहयोगी पार्टी नेशनल कांफ्रेंस को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा का एनसी से गठबंधन था।

केन्द्र की उनकी सरकार में उमर अब्दुल्ला मंत्री थे। मुफ्ती मोहम्मद सईद और कांग्रेस ने मिलकर सरकार बनाई। और केन्द्र से वाजपेयी का पूरा समर्थन रहा। पिछले चार दशकों की सबसे अच्छी सरकार। 2002 से 2005 की। मुफ्ती साहब की। कश्मीर में विश्वास की वापसी। मगर 2005 में गुलाम नबी आजाद ने मुख्यमंत्री बनकर सब किए धरे पर पानी फेर दिया। 2005 से 2008 तक असफल सरकार।

तो जम्मू-कश्मीर का चुनाव इतिहास बहुत उतार-चढ़ाव वाला रहा है। अब एक अक्टूबर मंगलवार को तीसरे फेज का मतदान भी हो जाएगा।

# म्यांमार सैन्य शासन का सशस्त्र विद्रोहियों को राजनीतिक वार्ता के लिए आमंत्रण

– अरुण कुमार श्रीवास्तव



**विद्रोहियों को** बातचीत के लिए लाने की भारत की पहल दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) द्वारा इसी तरह की पहल के बीच आई है, जिसे म्यांमार ने कभी गंभीरता से नहीं लिया। आसियान सदस्य देशों के प्रमुख नेताओं ने गतिरोध को समाप्त करने के लिए म्यांमार की कई यात्राएं कीं, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

तेजी से बदलते घटनाक्रम में म्यांमार के सत्तारूढ़ सैन्य शासक वर्ग(जुंटा) ने सशस्त्र विद्रोही समूहों को लड़ाई बंद करने और राजनीतिक वार्ता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। जुंटा ने एक बयान में कहा, 'हम जातीय सशस्त्र समूहों, आतंकवादी विद्रोही समूहों और आतंकवादी पीडीएफ समूहों को आमंत्रित करते हैं जो राज्य के खिलाफ लड़ रहे हैं और आह्वान करते हैं कि वे आतंकवादी लड़ाई छोड़ दें और राजनीतिक समस्याओं को राजनीतिक रूप से हल करने के लिए हमारे साथ संवाद करें।'

यह उन समाचार रिपोर्टों के बाद आया है जिनमें कहा गया है कि भारत के सरकारी वित्त पोषित थिंक टैंक, इंडिया काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यूए) ने एनयूजी, काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी (केआईए), अराकान आर्मी और चिन नेशनल फ्रंट के प्रतिनिधियों को सेमिनार में आमंत्रित किया है। इस बीच, चीन, जो लंबे समय से म्यांमार के जातीय सशस्त्र समूहों को प्रभावित करता रहा है, म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी (एमएनडीएए) पर दबाव डाल रहा है कि वह अन्य विपक्षी ताकतों के साथ गठबंधन न करे, जिन्हें चीन पश्चिमी देशों द्वारा समर्थित मानता है, विशेषज्ञों का कहना है। एमएनडीएएथ्री ब्रदरहुड अलायंस का हिस्सा है जिसमें तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी (टीएनएलए) और अराकान आर्मी (एए) शामिल हैं। एमएनडीएए, जिसे कोकांग जातीय सशस्त्र समूह के रूप में भी जाना जाता है, जिसके सदस्य कोकांग के मूल निवासी मंदारिन-भाषी हान चीनी हैं, ने सोशल मीडिया पर चीन के साथ अपने गठबंधन की पुष्टि करते हुए एक बयान फिर से पोस्ट किया।

4 सितंबर को संक्षिप्त रूप से पोस्ट किये गये और 19 सितंबर को फिर से पोस्ट किये गये उसके बयान में कहा गया, 'हमारी राजनीतिक लाल रेखा चीन के खिलाफ लोगों के साथ गठबंधन बनाने या साथ काम करने की नहीं है।'

म्यांमार में रणनीतिक रूप से स्थित जातीय सशस्त्र समूह एमएनडीएएपर बीजिंग का दबाव देश के राजनीतिक परिदृश्य पर नियंत्रण बनाये रखने की उसकी इच्छा को दशार्ता है। चीन के साथ म्यांमार की पूर्वोत्तर सीमा पर स्थित एमएनडीएएपर विपक्षी ताकतों से संबंध खत्म करने का दबाव बनाया जा रहा है, जिन्हें बीजिंग अमेरिका का समर्थन प्राप्त मानता है।

कभी आर्थिक सहयोग का प्रतीक रही चीन और म्यांमार के बीच की सीमा म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध और महामारी के प्रति चीन की प्रतिक्रिया के कारण और अधिक प्रतिबंधात्मक हो गयी है। कभी छिद्रपूर्ण रही सीमा को अब बाड़ और निगरानी से मजबूत किया गया है, जो बिगड़ते संबंधों को दशार्ता है।

जबकि चीन ने म्यांमार में व्यापार गलियारे के लिए भारी निवेश किया है, वर्तमान संघर्ष ने इन योजनाओं को बाधित कर दिया है। बीजिंग ने संघर्ष में मध्यस्थता करने का प्रयास किया है, लेकिन उसे चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। गृहयुद्ध ने सीमा पर कभी संपन्न रहे आर्थिक क्षेत्रों को भी प्रभावित किया है। तनाव के बावजूद कुछ स्थानीय लोग सीमा पार अनौपचारिक संबंध बनाये रखना जारी रखते हैं।

हाल ही में रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने म्यांमार के विद्रोहियों को मध्य नवम्बर में प्रस्तावित सेमिनार में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है जो सैन्य सरकार और समानांतर राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) के प्रतिनिधियों से संघर्षरत हैं। यह पहली बार है जब भारत औपचारिक रूप से म्यांमार के विद्रोहियों से जुड़ेगा, जिन्हें लोकप्रिय रूप से 'प्रतिरोध' कहा जाता है। फरवरी 2021 के तख्तापलट के बाद से म्यांमार में स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गयी है, तथा विद्रोहियों ने सीमावर्ती राज्यों सहित 60प्रतिशत से अधिक क्षेत्र पर नियंत्रण कर लिया है।

हाल के महीनों में, विद्रोहियों और सेना के बीच भीषण लड़ाई का भारत के सीमावर्ती राज्यों पर भी असर पड़ा है, जहां शरणार्थियों की बाढ़ आ गयी है, जिनमें से कई हथियार और गोला-बारूद के साथ आते हैं। भारत को डर है कि इससे म्यांमार के साथ उसकी 1650 किलोमीटर लंबी सीमा और दोनों देशों से जुड़ी कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में अस्थिरता आ सकती है। इसे देखते हुए, सरकार द्वारा वित्तपोषित थिंक टैंक, इंडिया काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यूए) ने कथित तौर पर एनयूजी, काचिनइंडिपेंडेंस आर्मी (केआईए), अराकान आर्मी और चिन नेशनल फ्रंट के प्रतिनिधियों को सेमिनार में आमंत्रित किया है। हालांकि, चिन नेशनल फ्रंट को छोड़कर, म्यांमार की सेना सहित आमंत्रित लोगों में से किसी ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। यहां तक कि भारत सरकार और आईसीडब्ल्यूए ने भी कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है।

जातीय विद्रोही समूहों में से एक, चिन नेशनल फ्रंट के उपाध्यक्ष सुई खार ने कहा, 'हम प्रतिनिधि भेजने जा रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह पहली बार होगा जब भारत औपचारिक रूप से गैर-सरकारीकार्यकताओं के साथ बातचीत करेगा। यह एक अच्छा, सकारात्मक दृष्टिकोण है।'

भारत ने आधिकारिक यात्राओं के माध्यम से म्यांमार के शासकों के साथ संबंध बनाये रखा है और तख्तापलट से पहले औपचारिक रूप से किये गये कुछ हथियारों के सौदों को जारी रखा है।

इसने दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र में बढ़ते संघर्ष और उसके परिणामस्वरूप मानवीय संकट के बारे में चिंता व्यक्त करने से परहेज किया है। हालांकि, इस साल जून में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने म्यांमार में भारत की परियोजनाओं के लिए सीमा अस्थिरता और सुरक्षा जोखिमों के बारे में चिंता व्यक्त की।

भारत पश्चिमी म्यांमार में $400 मिलियन की कलादान बंदरगाह और राजमार्ग परियोजना को सक्रिय रूप से विकसित कर रहा है। साथ ही एक अलग सड़क परियोजना में लगभग $250 मिलियन का निवेश भी कर रहा है जो म्यांमार के माध्यम से थाईलैंड के साथ अपने भू-आबद्ध पूर्वोत्तर राज्यों को जोड़ेगी।

विद्रोहियों को बातचीत के लिए लाने की भारत की पहल दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) द्वारा इसी तरह की पहल के बीच आई है, जिसे म्यांमार ने कभी गंभीरता से नहीं लिया। आसियान सदस्य देशों के प्रमुख नेताओं ने गतिरोध को समाप्त करने के लिए म्यांमार की कई यात्राएं कीं, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

हाल ही में, चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने म्यांमार की राजधानी नेपीडा का अचानक दौरा किया, ऐसी रिपोर्ट के बीच कि म्यांमार के सैन्य शासक विद्रोहियों की मदद करने और सैन्य सरकार के साथ कामकाजी संबंध बनाये रखने की चीन की दोहरी नीति पर नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं।

# संरक्षित हों तीर्थस्थल की हिन्दू वंशावलियों की पंजिका

अशोक मधुप

**हिंदू** परिवारों को इस बारे में बहुत कम या न के बराबर जानकारी है। उन्हें पता भी नही कि इन स्थानों पर उनके परिवार का इतिहास संग्रहित है। सदियों से बहियों में ये रिकार्ड व्यापारी के खाते की तरह लिखकर रखा जा रहा है।

हिंदू तीर्थस्थल धार्मिक मान्यताओं और पूजन अर्चन के लिए विख्यात है। इन सब कार्य को इन स्थलों के ब्राह्मण पंडित कराते हैं। ये ब्राह्मण पंडित पंडा कहे जाते हैं। ये पंडा सदियों से एक कार्य करते और कराते आ रहे हैं। ये पंडा अपने पास आने वाले यजमान (भक्तों) के परिवार का इतिहास अपनी बहियों में संजोते जा रहें हैं। ये काम सदियों से अनवरत रूप से जारी है। ये हिन्दू वंशावलियों की पंजिकाएं ऐतिहासिक धरोहर हैं। आज इनके संरक्षण की आवश्यक्ता है। इनके संजोकर रखने की जरूरत है।

हिंदू परिवारों को इस बारे में बहुत कम या न के बराबर जानकारी है। उन्हें पता भी नही कि इन स्थानों पर उनके परिवार का इतिहास संग्रहित है। सदियों से बहियों में ये रिकार्ड व्यापारी के खाते की तरह लिखकर रखा जा रहा है। अधिकतर भारतीयों व वे परिवार जो विदेश में बस गए उनको आज भी पता नहीं कि इन तीर्थस्थल की पंडो की बहियों में उनके परिवार की वंशावली दर्ज है। हिन्दू परिवारों की पिछली कई पीढ़ियों की विस्तृत वंशावलियां इन पंडा के पास संग्रहित हैं। ये पंडा आने वाले यजमान से उसके परिवार की जानकारी नोट करने के बाद उसके हस्ताक्षर कराकर बही में अपने पास रखते हैं। ये पंडा ये बहियां अपनी आने वाली अपनी पीढ़ी को सौंपते जाते हैं। ये बहियां जिलों व गांवों के आधार पर वर्गीकृत की गयीं हैं। प्रत्येक जिले की पंजिका का विशिष्ट पंडित होता है। यहाँ तक कि भारत के विभाजन के उपरांत जो जिले व गाँव पाकिस्तान में रह गए व हिन्दू भारत आ गए उनकी भी वंशावलियां यहाँ हैं। कई स्थितियों में उन हिन्दुओं के वंशज अब सिख हैं, तो कई के मुस्लिम अपितु ईसाई भी हैं। किसी-किसी की सात वंश या उससे भी ज्यादा की जानकारी पंडों के पास रखी इन वंशावली पंजिकाओं से होना साधारण सी बात है।

शताब्दियों पूर्व से हिन्दू पूर्वजों ने हरिद्वार या किसी पावन नगरी की यात्रा की/ तीर्थयात्रा के लिए या/ शव-दाह या स्वजनों के अस्थि व राख का गंगा जल में किया होगा तो वे संबद्ध पंडा के पास गए होंगे। ये पंडा इन आने वालों के रहने खाने तक की व्यवस्था करते हैं। इन पंडाओं ने अपनी पंजिका में वंश-वृक्ष को संयुक्त परिवारों में हुए सभी विवाहों, जन्म व मृत्युओं के विवरण दर्ज किया हुआ हैं। वर्तमान में धार्मिक स्थल पर जाने वाले भारतीय हक्के-बक्के रह जाते हैं जब वहां के पंडित उनसे उनके अपने वंश-वृक्ष को नवीनीकृत कराने को कहते हैं।

आजकल जब संयुक्त हिंदू परिवार का चलन खत्म हो गया है। लोग एकल परिवारों को तरजीह दे रहे हैं, ये पंडित चाहते हैं कि आगंतुक अपने फैले परिवारों के लोगों व अपने पुराने जिलों- गाँवों, दादा-दादी के नाम व परदादा-परदादी और विवाहों, जन्मों और मृत्यु, परिवारों में हुए विवाह आदि की पूरी जानकारी के साथ वहां आएं। आगंतुक परिवार के सदस्य को सभी जानकारी नवीनीकृत करने के उपरांत वंशावली पंजीका को भविष्य के पारिवारिक सदस्यों के लिए व प्रविष्टियों को प्रमाणित करने के लिए हस्ताक्षरित करना होता है। साथ आये मित्रों व अन्य पारिवारिक सदस्यों से भी साक्षी के तौर पर हस्ताक्षर करने की विनती की जा सकती है।

इन तीर्थ स्थल के पुरोहितों के पास देश और दुनिया भर के यजमानों का दशकों पुराना लिखित रिकॉर्ड वंशावली के रूप में मौजूद है। किसी यजमान के आने पर चंद मिनटों में ही संबंधित पुरोहित कंप्यूटर से भी तेज गति से वंशावली देखकर उनके पूर्वजों की जानकारी दे देते हैं। पितृ पक्ष के दौरान इन तीर्थ स्थल पर आने वाले लोग अपने तीर्थ पुरोहितों के पास आकर वंशावली में अपने वंश के बारे में जरूर जानते हैं। ये पडे जनपद के हिसाब से हैं। तीर्थ स्थल में पहने वालों को पता है कि किस जनपद के पंडा कौन हैं। किसी दूसरे के यजमान को कोई अन्य पंडा खुद क्रिया-कर्म नहीं कराता। संबधित जिले के पंडा के पास उसे भेज देता है।

शताब्दियों से हो रहा ये लेखन भोज पत्रों और ताम्र पत्रों के बाद अब कागज की बहियों पर शुरू किया गया। तीर्थ पुरोहितों के पास सैकड़ों वर्ष पुरानी बहियां आज भी सुरक्षित हैं। तीर्थ पुरोहितों की बहियों में देश भर के राजाओं, महाराजाओं, साधु, संतों, राजनेताओं एवं आम लोगों के परिवारों के वंश लेखन बहियों में मौजूद हैं। अकेले हरिद्वार में 30 हजार से अधिक की संख्या में वंशावली की बहियां सुरक्षित और संरक्षित हैं। इन बहियों में लेखन करने के लिए अलग स्याही तैयार करके तीर्थ पुरोहित वही लेखन करते हैं, जो काफी वर्षों तक सुरक्षित रहती है। इन वंशावलियों में जातियों, गोत्रों, उपगोत्रों का भी जिक्र रहता है। सबसे अहम बात इन बहियों में देखने को मिलती हैं कि तीर्थ पुरोहितों ने लेखन को भेदभाव से दूर रखा है। जहां राजाओं, महाराजाओं की वंशावलियां जिस क्रम में अंकित हैं, उसी क्रम में तीर्थ नगरी में पहुंचने वाले अन्य श्रद्धालुओं की हैं। विभिन्न राजवंशों की मुद्राएं, हस्त लेखन, दान पत्र, अंगूठे और पंजों के निशान बहियों में मौजूद हैं। यहां की वंशावलियों में देश की कई रियासतों के राजाओं के आने के उल्लेख दर्ज हैं।

अक्तूबर 2007 में हमें इंडियन वर्किंग जर्नलिस्ट की एक कांफ्रेंस में बद्रीनाथ जाने का अवसर मिला। मेरे साथ गए मेरे दोस्त नरेंद्र मारवाड़ी भी थे। हम मारवाड़ी के साथ बद्रीनाथ में, अजमेर के महावर वालों की धर्मशाला में चले गए। ये मारवाड़ी के परिवारवालों की धर्मशाला हैं। वहां पंडित जी से बात की। वंशानुक्रम के बारे में बताया। बात करते-करते पंडित जी ने अपनी बही खोलकर उनके गोत्र का विवरण खोला तो पता चला कि मारवाड़ी के पिता जी 41 वर्ष पूर्व यहां यात्रा को आए थे। यात्रा को आने के बाद हुए उनके दो बच्चों का विवरण दर्ज नहीं थे। पंडित जी ने बही देखकर बताया कि 93 साल पूर्व उनके दादा जी बद्रीनाथ आए थे।

दोनों के आने की तिथि तक वही में दर्ज थी। उनके हस्ताक्षर भी बही में मौजूद थे। मित्र को अपने बाबा का नाम ज्ञात था। यहां बही से उन्होंने अपने बाबा के पिता उनके भाई, बाबा के दादा और उनके भाइयों आदि का विवरण नोट किया। पंडित जी ने अपनी वही में मित्र से अपने और उनके बच्चे, भाई और भाइयों के बच्चों की जानकारी नोट की। नीचे तारीख, माह, सन डालकर हस्ताक्षर कराए।

## डीएम ने बच्चों की सुरक्षा को वाहन चालकों को दिये निर्देश

### जिला विद्यालय वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला विद्यालय वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक में पुलिस व परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शैक्षिक संस्थानों के बच्चों की सुरक्षा को विद्यालयीय वाहनों के विनियमन/नियंत्रण के मद्देनजर परिवहन विभाग ने संघन प्रवर्तन की कार्यवाही की।



समीक्षा बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी।

सोमवार को डीएम ने कहा कि विद्यालयीय भौतिक/तकनीकी दशा की जांच उच्चतम न्यायालय ने निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाये। वाहनों के प्रपत्र वैध होने चाहिए। विद्यालयीय वाहनों में पारदर्शी फर्स्ट एड बाक्स व बीआईएस मार्क दो किलो क्षमता वाले अग्नि शमन यंत्र, सीएनजी सिलेंडर हों। विद्यालय वाहनों में सीसीटीवी कैमरे लगायें। 18 वर्ष की आयु से कम छात्र-छात्रायें को दोपहिया व चारपहिया वाहन विद्यालय लाने में प्रतिबन्धित किया जाये। विद्यालयीय चालकों का वर्ष में एक बार स्वास्थ्य नेत्र परीक्षण शिविर के आयोजन किया जाये। ड्राइवर या परिचर मोबाइल फोन लेकर चलें। आपात स्थिति में घटना के सम्बन्ध में विद्यालय प्राधिकारी को सूचित कर सकें। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों से कहा कि विद्यालयीय परिवहन सुरक्षा समिति बाबत सम्बन्धित पुलिस अधिकारी व नगर पालिका प्राधिकारी से विचार-विर्मश कर विद्यालय पार्किंग व विश्राम स्थलों को चिन्हित करें। विद्यालयीय वाहन चालकों का चरित्र सत्यापन पुलिस विभाग से कराया जाये। जिलाधिकारी ने शैक्षिक संस्थानों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को निर्देश दिये कि सभी शैक्षिक संस्थानों के प्रबन्धक व प्रधानाचार्य विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति का गठन कर प्रत्येक वर्ष अध्यक्ष जुलाई, अक्टूबर, जनवरी व अप्रैल में बैठक अवश्य करें। बैठक में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात यामीन अहमद, यात्रीकर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता लोनिवि प्रांतीय खंड संतोष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी इन्द्र नारायण सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त हुए एक निरीक्षक-एक दरोगा की हुई विदाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस विभाग में अपनी सेवा पूर्ण करने वाले एक निरीक्षक नागरिक पुलिस व एक उपनिरीक्षक रेडियो शाखा की विदाई समारोह का आयोजन किया।



विदाई देते एसपी।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त हो रहे निरीक्षक नागरिक पुलिस मोहम्मद हाशिम व दरोगा रेडियो शाखा कमलेश कुमार को माला पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र व उपहार देकर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान सेवानिवृत्त हो रहे निरीक्षक व उपनिरीक्षक मौके पर मौजूद अधिकारी/कर्मचारियों को नास्ता करवाकर मुंह मीठा कराया। पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत हो रहे उपनिरीक्षकों से कहा कि वह घर जाकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निरन्तर व्यायाम करते रहें। अपने जीवन का अमूल्य समय विभाग को दिया है। पुलिस विभाग की ओर से आपके सुखद जीवन व परिवार की तरक्की की मनोकामना करता हूं। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय/लाइन यामीन अहमद, सीओ प्रशिक्षु फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, आई रेडियो रविन्द्र कुमार पटेल, प्रभारी सोशल मीडिया सेल निशिकान्त राय, वाचक राजीव कुमार सिंह, पीआरओ प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

### तीन पर मिनी गुंडा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले धनराज पुत्र लालू, मिथुन पुत्र लालू निवासी राघवपुरी सीतापुर, राजकरन उर्फ झल्लर पटेल पुत्र जुगुल किशोर मनोहरगंज सीतापुर के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

## जेलकांड में अब्बास की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जेल कांड मामले में माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा। अब्बास अंसारी ने चित्रकूट जेल कांड व गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले में जमानत की मांग की है। मामले में अब्बास समेत पांच के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज है।

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने चित्रकूट जेल कांड मामले में विधायक अब्बास अंसारी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। ये आदेश जस्टिस जसप्रीत सिंह की सिंगल बेंच ने दिया था। इसके बाद अब्बास अंसारी ने जमानत को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अब्बास अंसारी को 18 नवंबर 2022 को नैनी जेल से चित्रकूट जिला कारागार लाया गया था। चित्रकूट जेल में पत्नी से गैरकानूनी तरीके से मुलाकात करने वाले माफिया मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी समेत पांच लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। विधायक अब्बास के अलावा मुलाकात में मददगार रहे सपा नेता, जेल कैंटीन ठेकेदार, निखत के चालक



अब्बास अंसारी।

और खाते में पैसा भेजने वाले पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। यहां पर उसकी पत्नी निखत को 10 फरवरी 2023 को डीएम अभिषेक आनंद व तत्कालीन एसपी वृंदा शुक्ला ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया था। वह गैरकानूनी तरीके से जेल में पति से मुलाकात कर रही थी।

इस मामले में जेल अधीक्षक, डिप्टी जेलर, वार्डर के अलावा अन्य मददगार गिरफ्तार हुए थे। इनमें कुछ लोग जमानत पर जेल से बाहर आ चुके हैं। पुलिस ने इस मामले में अब्बास, कैंटीन ठेकेदार कर्वी निवासी नवनीत सचान, निखत के चालक नियाज अंसारी, सपा नेता फराज खां और खातों में पैसा ट्रांसफर करने वाले वाराणसी के शहबाज आलम खां के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। एक साल पहले अब्बास अंसारी और उनके सहयोगियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। जिसे इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निराधार बताते हुए खारिज कर दिया था। अगस्त में चित्रकूट कोतवाली में अब्बास अंसारी समेत पांच अन्य के खिलाफ फिर से गैंगस्टर की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, मामला एक व्यापारी से फिरौती मांगने और धमकाने से जुड़ा है। जेल प्रकरण के बाद अब्बास अंसारी को चित्रकूट जेल से कासगंज जेल भेज दिया गया था, लेकिन उन पर चल रहे कई अन्य मामलों की जांच अब भी जारी है। अब्बास अंसारी के वकील का कहना है कि चित्रकूट गैंगस्टर प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होगी।



जांच करती पुलिस।

### पुलिस ने की बैंक/वित्तीय संस्थानों की जांच

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सीओ की अगुवाई में थानों में आने वाले बैंक/वित्तीय संस्थानों की जांच की गयी। चेकिंग दौरान बैंक सुरक्षा रजिस्टर देखा। ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सुरक्षा बाबत निर्देश दिये। सतर्कता से ड्यूटी करने को कहा। सोमवार को बैंक में लगे अलार्म, सायरन, सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण कर देखा कि कैमरे सही से कार्य कर रहे है या नहीं। शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता की। परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को परिसर से बाहर के निर्देश दिये गये।




बीज बांटती जिला उद्यान अधिकारी।

### औद्यानिक फसलों के बीजों का हुआ वितरण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी ने बीज निर्माता कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने स्टॉल लगाकर किसानों के बीच रबी मौसम में बोयी जाने वाली औद्यानिक फसलों के बीज वितरण किये। जिले के विभिन्न विकासखण्डों से औद्यानिक फसलों की खेती कर रहे किसानों ने हिस्सा लिया। सोमवार को कार्यक्रम में सौ से अधिक किसानों के बीच लौकी, तरोई, करेला, मिर्च, कद्दू आदि के बीजों का निःशुल्क वितरण किया। जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पांडेय ने विभागीय योजनाओ बाबत किसानों को जिले में औद्यानिक फसलों की खेती को बढावा देने को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर इन्द्रमणि यादव, शशांक कुमार, रामरूद्ध मिश्रा, धीरेन्द्र कुमार, संजय कुमार, ईसाक खान, सोनू आदि मौजूद रहे।

## समाजसेवी शानू गुप्ता पर्यावरण संरक्षण सम्मान से सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सनातन शोध संस्थान ने पर्यावरण संरक्षण गोष्ठी का आयोजन किया। वृक्ष प्रेमियों व पौधों के प्रति सुरक्षा व संरक्षण प्रदान करने वाले लोगों को नई दिल्ली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय संगत भवन में सम्मानित कर कार्यक्रम आयोजित किया।

सोमवार को जिले से सनातन शोध संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजसेवी शानू गुप्ता को पर्यावरण संरक्षण सम्मान से सम्मानित किया। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में सनातन शोध संस्थान ने पर्यावरण संरक्षण गोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक व सनातन शोध संस्थान के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ अविनाश जयसवाल,




गोष्ठी में बोलते शानू गुप्ता।

भाजपा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इकबाल सिंह, लालपुरा राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ राकेश जैन ने समाजसेवी शानू गुप्ता को उत्कृष्ट सामाजिक कार्य तथा पर्यावरण संरक्षण सम्मान से सम्मानित किया। शानू गुप्ता ने कहा की वृक्ष पृथ्वी के आभूषण हैं। वृक्ष हम सभी मानव के धरोहर है, इन्हें रोपित करना इनकी सुरक्षा व संरक्षण करना सभी मानव का प्रथम कर्तव्य दायित्व है। खेतों की मेढ़ों में वृक्षों को अवश्य लगायें। उनकी सुरक्षा व संरक्षण का संकल्प लें। पर्यावरण के क्षेत्र में आज भारत की स्थिति विदेशों से बहुत ही खराब है। भारत में प्रत्येक व्यक्ति 4000 पौधों की आवश्यकता है, जबकि विदेशों में कहीं 200 तो कहीं 10 तो कहीं 5 तो कहीं 500 प्रत्येक व्यक्ति का आंकड़ा है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गोविंद त्रिपाठी, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ मनोज द्विवेदी, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राजवीर सिंह, पद्मश्री से सम्मानित जितेन्द्र सिंह, प्रसिद्ध जल वैज्ञानिक ई श्याम सुन्दर राठी समेत आदि मौजूद रहे।

### 72 क्वार्टर शराब समेत तीन दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 72 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। सोमवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा यूटी नीरज थाना ने सिपाही राहुल देव के साथ प्रेम गोस्वामी पुत्र गया गोस्वामी राघवपुरी सीतापुर को 26 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। इसी क्रम में चैकी प्रभारी सीतापुर अनिल कुमार गुप्ता ने सिपाही रविन्द्र कुमार, अभिषेक प्रताप के साथ रमेश कुमार पुत्र श्यामलाल तीर्थराजपुरी सीतापुर को 28 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। रैपुरा थाने के दरोगा राजेश कुमार ने छोटेलाल पुत्र महारजवा रैपुरा को 18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

## बच्चों के उज्जवल भविष्य को हुई क्विज प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता पं शिवकुमार त्रिपाठी इंटर कॉलेज मऊ में हुई। क्विज प्रतियोगिता में प्रत्येक विद्यालय से चयनित तीन छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।



पुरस्कृत छात्र-छात्रायें।

सोमवार को मऊ के 76 उच्च प्राथमिक विद्यालय/ कंपोजिट विद्यालय से 228 छात्र-छात्राओं ने ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। खंड शिक्षा अधिकारी मऊ कृष्णदत्त पांडे ने बताया कि प्रथम चरण में स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित हुई। इसमें 25 बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर छात्र-छात्राओं ने लिखित परीक्षा दी। 25 छात्र-छात्राओं को द्वितीय चरण की परीक्षा को चयनित किया गया। प्रथम चरण की परीक्षा 25 अंकों में संपादित हुई। प्रज्ञान शुक्ला कक्षा सात कंपोजिट विद्यालय मऊ को 24 अंक मिले। 25 छात्र-छात्राओं को पांच-पांच की संख्या में पांच टीमों में विभाजित कर दस राउंड की क्विज प्रतियोगिता हुई। प्रथम स्थान पर समूह नंबर एक की प्रज्ञान शुक्ला कंपोजिट विद्यालय मऊ, राशि त्रिपाठी कंपोजिट विद्यालय मऊ, राधा त्रिपाठी उच्च प्राथमिक विद्यालय ताड़ी, करिश्मा कंपोजिट विद्यालय मऊ, अमोल त्रिपाठी उच्च प्राथमिक विद्यालय चित्रवर रहे। खंड शिक्षा अधिकारी मऊ कृष्णदत्त पांडे ने छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व स्टेशनरी किट बांटी। इस मौके पर आलोक गर्ग वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, छबिलाल प्रजापति, सुशील कुमार पांडे, आनंद मिश्रा, गंगाधर द्विवेदी एवं महेश प्रसाद, खुशबू जायसवाल, सोहनी प्रजापति, पूजा तिवारी, आकांक्षा जायसवाल, रुक्मिणी देवी, साधना शुक्ला, रविशंकर गुप्ता, ज्ञान सिंह, अजीत कुमार पांडे आदि बीआरसी स्टाफ ने सहयोग किया।

### कलह के चलते दो ने खाया जहर, एक की मौत, दूसरा भर्ती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के मुलायमनगर मोहल्ले में रविवार को पारिवारिक विवाद के चलते 27 वर्षीय वर्षा यादव ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल लाये। प्राथमिक उपचार बाद डॉक्टरों ने प्रयागराज रेफर कर दिया। प्रयागराज में इलाज दौरान वर्षा की मौत हो गई। परिवार में मातम पसरा है। वर्षा के दो छोटे बच्चे हैं, जो अब बिना मां के रह गए हैं। घटना ने पूरे मोहल्ले को हिला कर रख दिया है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि वर्षा का घरेलू विवाद काफी समय से चल रहा था।

वहीं दूसरी घटना सीतापुर चैकी क्षेत्र के रानीपुरभट्ट गांव में शनिवार शाम भूरा (50) ने पारिवारिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। भूरा को भी तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि उनकी स्थिति अभी नाजुक है। पूरी कोशिश की जा रही है कि उन्हें बचाया जा सके। दोनों घटनाओं से परिवारों में शोक व दुख की लहर दौड़ा दी है। पारिवारिक विवादों की वजह से आई इन त्रासदियों ने दो परिवारों की खुशियां छीन ली हैं।

### चकबंदी कार्यालय में रिश्वतखोरी

## एसओसी के पेशकार का सामने आया वीडियो, लोगों ने की कार्रवाई की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चकबंदी कार्यालय में रिश्वतखोरी का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एसओसी के पेशकार रिश्वत ले रहे हैं। जिससे सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश की नीति पर सवाल उठ रहे हैं। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग हो रही है।

मऊ के आदर्श श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले तीन साल से उनके पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र को वापस करने को चकबंदी कार्यालय में उनसे रिश्वत मांगी जा रही थी। जब उन्होंने बार-बार परेशान होने के बाद प्रमाण पत्र



मांग करता पीडित।

मांगा तो पेशकार ने खुलेआम श्सुविधा शुल्कश् की मांग की। इस घटना का वीडियो आदर्श के एक साथी ने रिकॉर्ड कर लिया। जो अब वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि पेशकार श्रीवास्तव को पैसे दराज में रखने का इशारा कर रहे हैं। पचास रुपये का नोट भी नजर आ रहा है।

आदर्श श्रीवास्तव ने कहा कि मामले की शिकायत जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई। वहां से भी कोई मदद नहीं मिली। उन्होंने कहा कि सरकारी दफ्तरों में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता। डीएम शिवशरणप्पा जीएन से इस मामले पर सख्त कदम उठाने की मांग की है।

### करंट से पत्नी की मौत, पति को बचाने में गई जान

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र के कोटरा खांभा गांव में रविवार की रात दर्दनाक हादसा हो गया। 35 वर्षीय सुमन की घर के दरवाजे में उतर रहे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि उनके पति योगराज गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रात करीब 10 बजे की है। जब योग राज लघु शंका के लिए उठे और जैसे ही दरवाजा खोलने का प्रयास किया, उन्हें जोरदार करंट लगा। योगराज को करंट में फंसा देख, सुमन उन्हें बचाने के लिए दौड़ीं। जिसके बाद वो भी करंट की चपेट में आ गई। योग राज तो किसी तरह बेहोश होकर गिर पड़े पर सुमन दरवाजे से चिपक गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। होश में आने के बाद योगराज ने पत्नी को दरवाजे से हटाकर पड़ोसियों को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचकर मोहल्ले वालों ने तुरंत बिजली की आपूर्ति बंद कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सोमवार दोपहर डेढ बजे सुमन के शव का पोस्टमार्टम सोनेपुर जिला अस्पताल में कराया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना से गांव में शोक की लहर है।

## लिंक एक्सप्रेस-वे देवांगना से कर्वी फोर लेन मार्ग में करें प्रगतिः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने लिंक एक्सप्रेस-वे भूमि अधिग्रहण व देवांगना चोर लेन बाबत बैठक में डीएम ने लिंक एक्सप्रेस-वे में पड रहे गांवों की जमीनों के बैनामे के प्रगति की जानकारी ली। कहा कि जिन गांव में बैनामे हो रहे हैं, उनकी लिस्ट वाट्सएप ग्रुप में डालें। लेखपाल व तहसीलदार को निर्देश दिये कि जो कार्य दिया है, उसमें आउटपुट निकलना चाहिए।

सोमवार को डीएम ने कहा कि जिन किसानों की जमीन अधिग्रहीत की गई है, उनकी सूची उपलब्ध करायें। देवांगना एयरपोर्ट से कर्वी चोरलेन मार्ग बाबत अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई/प्रांतीय खंड ने बताया कि भूमि अधिग्रहण में जो अनुबंध पत्र प्राप्त होते जा रहे हैं, वैसे ही कार्य शुरू होगा। राम वन गमन, लिंक एक्सप्रेस-वे व डिफेंस कॉरिडोर बाबत डीपीआरओ को निर्देश दिये कि जो वन विभाग की जमीन सड़क निर्माण में आ रही है।

शासकीय भूमि देने को गांव में चिन्हित भूमि बाबत बैठक कराकर कार्य वृत्त उपलब्ध कराए। डीएम ने भूमि अधिग्रहण में अच्छे कार्य करने वाले लेखपाल चंद्रभान सिंह बनाडी को सम्मानित करने को कहा। शासन की मंशानुसार समय से लिंक एक्सप्रेस-वे देवांगना से कर्वी चोर लेन मार्ग में प्रगति करायें। इस मौके पर एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एसडीएम कर्वी सुश्री पूजा साहू, राजापुर प्रमोद कुमार झा, अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई/प्रांतीय खंड संतोष कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, तहसीलदार वॉचस्पति सिंह समेत लेखपाल मौजूद रहे।

### श्रीराम वाटिका ईको पार्क का गलत बोर्ड लगा कर रहे गुमराह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गणेश बाग के पास 11 करोड़ 38 लाख की लागत से बन रहे श्रीराम वाटिका ईको पार्क पर सरकारी मशीनरी को गुमराह करने को गलत बोर्ड लगा दिया गया है। बोर्ड पर योजना का नाम राज्य योजना लिखा है, जबकि योजना का कार्य तीर्थ विकास परिषद को आवंटित धनराशि से कार्य स्वीकृत हुआ है। इस मामले में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने कहा कि बजट राज्य योजना से आवंटित हुआ है। तीर्थ विकास परिषद के अधिकारियों की माने तो यह धनराशि तीर्थ विकास परिषद को आवंटित बजट की धनराशि से पार्क निर्माण के लिए धनराशि प्राप्त हुई है। पुरातत्व के दायरे में आने के चलते विभाग से कार्य करवाए जाने की एनओसी पर्यटन विभाग और कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को नहीं मिली है। पुरातत्व विभाग ने पर्यटन विभाग को इस बावत नोटिस भी जारी कर रखा है। धन का बंदरबाट करने के लिए संस्था तेजी से बिना एनओसी कार्य को मूर्त रूप देने में तुली हुई है। नियमतः योजना स्वीकृत करवाने के पूर्व पुरातत्व विभाग से एनओसी प्राप्त करके ही योजना का प्रस्ताव भेजा जाना चाहिए था। पुरातत्व विभाग से एनओसी प्राप्त नहीं होती तो करोड़ों रुपए का सरकारी धन कागजों में उलझकर रह जाएगा।

# हसन नसरल्ला के बाद याह्या सिनवार भी मारा गया? हमास चीफ की मौत से जुड़े दावों को आईडीएफ ने दी हवा

- याह्या सिनवार की मौत से जुड़ी रिपोर्ट आई हैं सामने
- हानिया के बाद हमास का सर्वेसर्वा था याह्या सिनवार



**तेल अवीव: गाजा** में इजरायली हमले में हमास चीफ याह्या सिनवार के मारे जाने की अपुष्ट खबरें सामने आने के बाद उसके बारे में अफवाहें तेज हो गई हैं। इन अफवाहों को इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) की हालिया ऑपरेशनल ब्रीफिंग ने और ज्यादा बढ़ा दिया है। ब्रीफिंग में सिनवार की तस्वीर और नाम के सामने प्रश्न चिह्न लगाया गया था। ये इस बात का इशारा है कि आईडीएफ भी सिनवार की स्थिति के बारे में अनिश्चित्ता में है। इजरायल की तकनीक और खुफिया प्रयासों के बावजूद याह्या का स्थान अज्ञात बना हुआ है। न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक, आईडीएफ की ओर से याह्या की तस्वीर इस तरह पेश किए जाने से पता चलता है कि उसे इसकी स्पष्टता नहीं है कि वह जिंदा है या नहीं। ये तब हुआ है जब हाल के हफ्तों में लगातार ऐसी रिपोर्टें सामने आई हैं, जो संकेत देती हैं कि याह्या सिनवार जिंदा नहीं है। यरूशलम पोस्ट ने बताया है कि इजरायली खुफिया विशेषज्ञों को लगता है कि हमास ने सिनवार के हवाले से हाल में जो बयान जारी किए हैं, वो दरअसल उसकी ओर से नहीं आए हैं।

गाजा में कमजोर पड़ रहा है हमास

याह्या सिनवार बीते साल 7 अक्टूबर को गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से ही अमेरिकी और इजरायली सेना के टारगेट पर रहा है। इस साल जुलाई में तेहरान में इस्माइल हानिया की मौत के बाद तो वह हमास नेतृत्व का अकेला और प्रमुख चेहरा बन गया। इजरायल की उसको पकड़ने और मारने की हाल तक की कोशिशें नाकाम रही थीं।

याह्या के बारे में माना जाता है कि वह गाजा के सुरंगों नेटवर्क के भीतर छिपा हुआ है और वहीं से अपने लड़ाकों का नेतृत्व करता है। कुछ समय से उसके बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आने से उसके जिंदा होने पर सवाल उठ रहा है। वहीं हमास भी गाजा में कमजोर पड़ गया है, इसने इस बात को ताकत दी है कि शायद उसके पास अब याह्या का नेतृत्व नहीं है। हालांकि उसकी वास्तविक स्थिति की अभी जानकारी नहीं है। आईडीएफ ने एक बयान में कहा है कि उसने गाजा पट्टी में हमास को सैन्य रूप से हरा दिया है और अब यह एक गुरिल्ला संगठन के रूप में काम कर रहा है। इजरायली सेना ने कहा कि हमास अब वह संगठन नहीं रहा जो 7 अक्टूबर से पहले था। एक्सपर्ट का कहना है कि लेबनान में नसरल्लाह की मौत के बाद अब इजरायल का निशाना याह्या सिनवार हो सकता है।

# हिजबुल्लाह के नेता की मौत पर चीनी विदेश मंत्रालय का जवाब

**बीजिंग। चीनी** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को लेबनानी हिजबुल्लाह के नेता हसन नसरल्लाह पर हमले और मौत के संबंध में पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया। किसी पत्रकार ने यह पूछा कि रिपोर्ट्स के मुताबिक, 27 सितंबर को इजरायल ने लेबनान के बेरूत में हवाई हमला किया, जिसमें हिजबुल्लाह नेता नसरल्लाह की मौत हो गई है। इस पर चीन की क्या टिप्पणी है?

चीनी प्रवक्ता ने जवाब दिया कि चीन प्रासंगिक घटनाओं पर बड़ा ध्यान देता है और क्षेत्रीय तनाव बढ़ने को लेकर बेहद चिंतित है। चीन लेबनान की संप्रभुता और सुरक्षा के उल्लंघन का विरोध करता है,

निर्दोष नागरिकों को नुकसान पहुंचाने वाली सभी कार्रवाइयों का विरोध और निंदा करता है और ऐसे किसी भी कदम का विरोध करता है, जो संघर्ष और क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाता है।




चीन इसमें शामिल पक्षों, खासकर इजरायल से आग्रह करता है कि वह स्थिति को शांत करने के लिए तत्काल कदम उठाए और संघर्ष को और अधिक बढ़ने या यहां तक कि नियंत्रण से बाहर होने से रोके।

गौरतलब है कि लेबनान और इजरायल के बीच तनाव गाजा पट्टी में संघर्ष की अतिरिक्त अभिव्यक्तियां हैं।

सर्वोच्च प्राथमिकता संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों को प्रभावी ढंग से लागू करना, गाजा पट्टी में युद्ध को जल्द से जल्द खत्म करना और मध्य पूर्व में शांति और स्थिरता को प्रभावी ढंग से बनाए रखना है।

# भारत को बातचीत के नाम पर धोखा दे रहा चीन! लद्दाख के पास PLA ने किया मिसाइल मार गिराने का टेस्ट

**बीजिंग: चीन** की सेना ने लद्दाख में कराकोरम पठार के अंदर भारतीय एलएसी के पास एक मिसाइल को हवा में ही मार गिराने का टेस्ट किया है। चीनी विश्लेषकों का कहना है कि पीएलए ने भारतीय सेना को संदेश देने के लिए इस मिसाइल का टेस्ट किया है। चीन ने यह मिसाइल टेस्ट ठीक उसी दिन किया जब दोनों ही पक्षों ने बीजिंग में सीमा विवाद को लेकर बातचीत की थी। रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन होने जा रहा है और उससे पहले भारत और चीन के बीच बातचीत का दौर काफी बढ़ गया है। दावा किया जा रहा है कि अगर भारत और चीन के बीच रिश्तों में नरमी आती है तो पीएम मोदी और शी जिनपिंग के बीच मुलाकात भी हो सकती है। हालांकि पीएलए के मिसाइल टेस्ट से तनाव बढ़ सकता है। चीनी की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने 29 अगस्त को अपनी रिपोर्ट में इस टेस्ट की जानकारी दी है। उसने बताया कि पीएलए ने अपने लाइव फायर अभ्यास के तहत इस मिसाइल टेस्ट को अंजाम दिया।

# रूस की परमाणु नीति में जल्द होगा बदलाव: क्रेमलिन

- रूस ने सीमाओं पर बढ़ते तनाव को ध्यान में रखते हुए अपनी परमाणु नीति में संशोधनों का ड्राफ्ट तैयार किया है

**मॉस्को। रूस ने** सीमाओं पर बढ़ते तनाव को ध्यान में रखते हुए अपनी परमाणु नीति में संशोधनों का ड्राफ्ट तैयार किया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रविवार को यह बयान दिया।

शिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक रूसी पत्रकार पावेल जारुबिन के साथ एक इंटरव्यू के दौरान, पेस्कोव ने इस बात पर जोर दिया कि परमाणु शक्तियां संघर्ष में यूक्रेन का समर्थन कर रही हैं।

पेस्कोव ने कहा कि नाटो अपना मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर रूसी सीमाओं के करीब स्थापित कर रहा है। उन्होंने बताया कि परमाणु नीति में संशोधन का ड्राफ्ट तैयार हो चुका है और जल्द ही इसे औपचारिक रूप दिया जाएगा।

इससे पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को सुरक्षा परिषद की बैठक में रूस की परमाणु नीति को अपडेट करने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि इसे वर्तमान वास्तविकताओं के अनुकूल बनाया जाना चाहिए।

पुतिन ने कहा कि कोई भी गैर-परमाणु राज्य अगर न्यूक्लियर स्टेट की भागीदारी या समर्थन के साथ, रूस पर अटैक करता है तो इसे संयुक्त हमला माना जाना चाहिए। इस बीच रूसी वायु रक्षा बलों ने 125 यूक्रेनी ड्रोनों को हवा में ही नष्ट करने का दावा किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि रूसी वायु रक्षा बलों ने सात क्षेत्रों और आजोव सागर के ऊपर रात भर में यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया।



शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया, वोल्गोग्राद क्षेत्र में 67, बेलगोरोड में 17, वोरोनिश में 17 और रोस्तोव क्षेत्र में 18 ड्रोन मार गिराए गए। इसके अलावा, ब्रांस्क, कुर्स्क और क्रास्नोडार में एक-एक ड्रोन रोका गया, जबकि तीन को आजोव सागर के ऊपर बेअसर कर दिया गया।

ड्रोन हमलों के बाद, वोरोनिश और उसके आस-पास के इलाकों में मलबे के गिरने से कई जगहों पर आग लग गई। स्थानीय आपातकालीन सेवाओं ने बाद में जानकारी दी कि आग बुझा दी गई हैं।

इससे पहले 21 सितंबर को रूस ने 101 यूक्रेनी ड्रोन को हवा में तबाह कर देने का दावा किया था।

# कश्मीरियों को मिले जनमत संग्रह का अधिकार... हिजबुल्लाह ने दिया था बयान

**बेरूत: लेबनान** में इजरायल के हवाई हमलों के बाद भारत के कश्मीर राज्य में विरोध प्रदर्शन देखने को मिला है। कश्मीरी राजनेताओं ने भी इस मामले में आक्रामक रुख दिखाते हुए हिजबुल्लाह नेता नसरल्लाह की हत्या के लिए इजरायल को घेरा है। कश्मीर में सड़कों पर उतरे सैकड़ों लोगों ने नसरल्लाह की मौत पर दुख जाहिर किया है। दिलचस्प बात ये है कि कुछ महीने पहले ही लेबनान के इस गुट ने भी कश्मीर पर बयान जारी किया था।

इसी साल अगस्त में हिजबुल्लाह नेता शेख नईम कासिम ने एक बयान जारी करते हुए कहा था कि कश्मीर के लोगों को अपने फैसले लेने का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा था कि उनका गुट जम्मू-कश्मीर के लोगों का समर्थन करता है, जो आत्मनिर्णय के अधिकार की मांग कर रहे हैं। 'कश्मीर मुद्दे का राजनीतिक समाधान निकालना होगा'



कासिम ने अपने बयान में कहा था, 'हम कश्मीर और कश्मीरियों का समर्थन करते हैं जो आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए लड़ रहे हैं। हमें लगता है कि कश्मीरियों का अपना भाग्य चुनने का हक देने से ही चीजें हल होंगी। केवल कानूनी और राजनीतिक रास्ते ही समाधान मिलेगा।'

लेबनान में हिजबुल्लाह नेता सैय्यद हसन नसरल्लाह की हत्या के विरोध में भारत के किसी राज्य में विरोध प्रदर्शन देखने को मिले हैं, तो वह कश्मीर घाटी और कारगिल के इलाके हैं। यहां सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे और हिजबुल्लाह नेताओं पर हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की। आम लोगों के अलावा राजनेता भी इसमें शामिल हुए।

हसन नसरल्लाह की मौत की खबर आने के बाद श्रीनगर से लोकसभा एमपी आगा रुहुल्लाह, पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और पूर्व मंत्री इमरान अंसारी ने अपना अपना चुनाव अभियान स्थगित करते हुए अपने दुख और गुस्से को दिखाया।

कश्मीरी नेताओं ने कहा कि इजरायल जो कर रहा है, उसे अपराध की श्रेणी में रखा जाना चाहिए।

# नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से करीब 200 लोगों की मौत

**काठमांडू: नेपाल** में बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर लगभग 200 हो गई जबकि कम से कम 30 लोग अब भी लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पिछले शुक्रवार से लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ आई और जगह जगह भूस्खलन हुआ, जिससे हिमालयी राष्ट्र में तबाही मच गई। नेपाल पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि लगातार हो रही बारिश, बाढ़, भूस्खलन और पानी भर जाने की वजह से कम से कम 192 लोग मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि इस आपदा में देश भर में 194 अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जबकि 30 अन्य लापता हैं।

सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में रविवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भारी बारिश के कारण आई आपदा के दौरान बचाव, राहत और पुनर्वास प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया। गृह मंत्रालय ने कहा कि बाढ़ और भूस्खलन के बाद राहत कार्यों के लिए सभी सुरक्षा एजेंसी को तैनात किया गया है और नेपाल सेना, नेपाल पुलिस एवं सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों ने अब तक लगभग 4,500 आपदा प्रभावित व्यक्तियों को बचाया है। घायलों का मुफ्त उपचार कराया जा रहा है और बाढ़ से प्रभावित अन्य लोगों को भोजन और अन्य आपातकालीन राहत सामग्री प्रदान की गई है।



नेपाल में बाढ़ से सड़कें बर्बाद

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्राकृतिक आपदा के बाद काठमांडू में सैकड़ों लोग भोजन, सुरक्षित पेयजल और गंदगी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। भूस्खलन के चलते प्रमुख राजमार्गों के अवरुद्ध होने के कारण देश के अन्य जिलों और भारत से सब्जियों की आवक अस्थायी रूप से बाधित हुई है जिससे बाजार में कीमतें भी बढ़ गई हैं। ह्यकाठमांडू पोस्टह्ल अखबार की खबर के अनुसार, पूरे देश में कई सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं और राजधानी काठमांडू की ओर जाने वाले सभी मार्ग अब भी अवरुद्ध हैं जिससे हजारों यात्री फंसे हुए हैं। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषिराम तिवारी ने कहा कि यातायात बहाल करने के लिए बाधित राजमार्गों को साफ करने के प्रयास जारी हैं।

इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंटह्ल (आईसीआईएमओडी) की एक खबर में कहा गया है कि शुक्रवार और शनिवार को पूर्वी और मध्य नेपाल के बड़े हिस्से में लगातार बारिश के बाद काठमांडू की मुख्य नदी बागमती खतरे के निशान से ऊपर बह रही थी।

शनिवार को खबर में कहा गया कि असाधारण रूप से तीव्र बारिश का कारण ह्यबंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्रह्ल और ह्यमानसून ट्रफह्ल था। ह्यमानसून ट्रफह्ल पाकिस्तान के निचले हिस्से से लेकर बंगाल की खाड़ी तक फैला हुआ कम दबाव वाला क्षेत्र है। इसके कारण हिमालय पर्वतमाला के पूर्व-पश्चिमी भाग और खासी-जयंतिया पहाड़ियों के उत्तर-दक्षिण भाग में असामान्य वर्षा हो सकती है।

# नसरल्लाह के बाद कैसा होगा हिजबुल्लाह का भविष्य... देश को बबार्दी की तरफ धकलने वाले गुट पर क्या सोचते हैं लेबनान के लोग

**बेरूत: लेबनान** की राजधानी बेरूत पर हवाई हमले के बाद इजरायल ने हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की मौत का ऐलान करते हुए इसे बड़ी जीत बताया। नसरल्लाह और दूसरे कमांडरों की मौत हिजबुल्लाह के लिए निश्चित रूप से गंभीर झटका है। हिजबुल्लाह क्षेत्र में काफी ताकतवर रहा है। लेबनान पर पकड़ के चलते माना जा रहा है कि ये गुट लड़ाई जारी रखेगा। वहीं देश की खस्ताहाल होती अर्थव्यवस्था और लेबनानी लोगों में शोषण से पनपे गुस्से से ये भी लगता है कि इजरायल के खिलाफ ये गुट अब कमजोर पड़ जाएगा।

फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, लेबनान में 60 के दशक तक ईसाई बहुसंख्यक थे और देश काफी समृद्ध था। 1948 और फिर 1967 में हजारों फिलिस्तीनियों के आने के बाद जनसांख्यिकीय बदलाव हुआ और मुस्लिम बहुसंख्यक बन गए। वहीं लेबनान में अशांति की शुरूआत फतह और फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन (पीएलओ) के आने से हुई। जॉर्डन के राजा हुसैन बिन तलाल के बेदखल करने के बाद फतह और पीएलओ के लोग आए और लेबनान का भविष्य बदल गया।

1975 में पूरी तरह बदल गईं चीजें

साल 1975 के बाद लेबनान पूरी तरह से बदल गया जब ईसाई मिलिशिया और पीएलओ विद्रोहियों के बीच 15 साल तक गृहयुद्ध चला और देश एक गहरे रसातल में चला गया। इस युद्ध में 1,50,000 लोग मारे गए और करीब 10 लाख को देश छोड़ना पड़ा। इसने लेबनान की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह तबाह कर दिया, जिससे वह आज तक कभी नहीं उबर पाया।

साल 1982 में लेबनान पर इजरायली आक्रमण और हिजबुल्लाह की स्थापना फिर देश के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ बना। हिजबुल्लाह के उभार ने ये तय कर दिया कि लेबनान स्थायी तौर पर संघर्ष और आर्थिक बबार्दी की जद में रहने वाला है। हिजबुल्लाह और इजरायल के संघर्ष ने लेबनान को लगातार पीछे धकेला है। 1983 से मौजूदा समय तक लगातार कोई ना कोई संघर्ष देश के लोग देखते रहे हैं। हालिया हमलों के बाद देश एक बड़े युद्ध और तबाही की कगार पर खड़ा दिख रहा है।

हिजबुल्लाह की गलतियों की सजा भुगत रहा देश!

फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट कहती है कि लेबनान में इस समय बने हालात के पीछे हिजबुल्लाह की गलतियां रही हैं। हिजबुल्लाह ने बिना किसी उकसावे के इजरायल पर हमले शुरू किए और इससे लेबनान एक युद्ध में फंस गया, जिसमें जानमाल का भारी नुकसान लोगों को उठाना पड़ रहा है। लेबनान के ही कई एक्सपर्ट ने हिजबुल्लाह और नसरल्लाह की हालिया फैसलों के लिए सार्वजनिक आलोचना की है। कटेब पार्टी के अध्यक्ष सैमी अल-गेमायल ने इजरायल पर हमला करने की रणनीति के लिए नसरल्लाह की आलोचना की है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# हिजबुल्लाह के बाद अब हूतियों पर इजरायल का कहर, होदेइदाह पोर्ट पर बरसाए बम

**तेल अवीव: इजरायल** के लेबनान पर हमले और हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की मौत के बाद मध्य पूर्व एक बड़े खतरे की ओर बढ़ रहा है। इजरायल रक्षा बल (क्ळ्रढ्ढ) के लड़ाकू विमान लगातार लेबनान की राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह के गढ़ वाले इलाकों पर बम बरसा रहे हैं। इस बीच इजरायल ने यमन में हूती चरमपंथियों के ठिकानों पर भी हमला किया है। रविवार को एक बयान में इजरायली सेना ने बताया कि फाइटर जेट ने यमन के रास ईसा और होदेइदाह बंदरगाह पर हमला किया है।

हूती समूह से जुड़े मीडिया ने बताया कि इजरायल के हमले में कम से कम चार लोग मारे गए हैं। इनमें एक बंदरगाह कर्मचारी और तीन इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं। ध्यान देने वाली है कि इजरायल ने हाल ही में दूसरी बार यमन पर हमला किया है।

इसके पहले जुलाई में तेल अवीव में ड्रोन हमले के बाद इजरायली जहाजों ने होदेइदाह पोर्ट पर बम बरसाए थे। आखिर इजरायल और यमन एक दूसरे पर हमलें क्यों कर रहे हैं?

# पाकिस्तान पहुंचा भगोड़ा इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक, शहबाज शरीफ ने भेजा था न्योता

**इस्लामाबाद: भारत** में वांछित चल रहा भगोड़ा इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक पाकिस्तान पहुंच गया है। सोमवार को इस्लामाबाद एयरपोर्ट पर जाकिर नाइक के पहुंचने पर धार्मिक मामलों के मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उसका स्वागत किया। जाकिर नाइक को पाकिस्तान सरकार ने न्योता दिया था। पाकिस्तान दौरे पर जाकिर नाइक कराची और लाहौर जैसे प्रमुख शहरों में इस्लामिक लेक्चर देगा। 20 अक्टूबर को राजधानी इस्लामाबाद में व्याख्यान के साथ नाइक की यात्रा का समापन होगा।

पाकिस्तान में क्या करेगा जाकिर नाइक?

भगोड़े जाकिर लाइन ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी पाकिस्तान यात्रा की घोषणा की थी, जिसमें उसने पाकिस्तान में सार्वजनिक लेक्चर के बारे में जानकारी दी थी। नाइक का पहला लेक्चर 5 अक्टूबर को कराची में होगा। यह लेक्चर जिन्ना के मकबरे के सामने मौजूद बाग-ए-कायद में आयोजित किया जाना है। इसके बाद लाहौर और इस्लामाबाद में जाकिर नाइक के लेक्चर आयोजित किए जाएंगे। जाकिर नाइक का बेटा भी इन व्याख्यानों में शामिल होगा।



इस्लामाबाद पहुंचने पर जाकिर नाइक का स्वागत प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के यूथ प्रोग्राम के चेयरमैन राणा मशहूद, धार्मिक मामलों और अंतरधार्मिक सद्भाव मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव सैयद अताउर रहमान, धार्मिक मामलों के संसदीय सचिव शमशीर अली मजारी और अन्य अधिकारियों ने किया।

कौन है जाकिर नाइक?

भारत के मुंबई में जन्मा जाकिर नाइक लंबे समय से इस्लामिक उपदेश देता रहा है। लेक्चर के साथ वह खुलेआम टीवी पर दूसरे धर्म के लोगों को इस्लाम में शामिल कराता है। साल 2016 में वह तब अंतरराष्ट्रीय खबरों की सुर्खियां बना, जब बांग्लादेश में हुए बम धमाकों में उसका नाम सामने आया। बम धमाकों में शामिल एक युवक जाकिर नाइक के भाषणों से प्रभावित था।